केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

Ref:: SD:145/146/11/12::2021 **09.07.2021**

The Vice President **BSE Ltd.** **Phiroze Jeejeebhoy Towers** **Dalal Street** **MUMBAI - 400 001**	**The Vice President** **Listing Department** **National Stock Exchange of India Ltd** **EXCHANGE PLAZA** **Bandra-Kurla Complex, Bandra [E]** **MUMBAI - 400 051**

Dear Sir/Madam,

Sub : Annual Report of the Bank for the year 2020-21.

Pursuant to Regulation 34 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed Annual Report of the Bank for the year 2020-21.

We request you to take the same on record.

Yours faithfully,
कृते केनरा बैंक
For CANARA BANK

सहायक महा प्रबधक और कंपनि सचिव
Assistant General Manager & Company Secretary
VINAY MOHTA
COMPANY SECRETARY

केनरा बैंक CANARA BANK Secretarial Dept., H.O., Bangaluru - 2 सचिवालय विभाग, प्रधान कार्यालय, बंगलूरु - 560 002

सचिवीय विभाग
प्रधान कार्यालय
112, जे सी रोड बेंगलूरु - 560002
E-Mail - hosecretarial@canarabank.com

Secretarial Department
Head Office
112 J C Road, Bengaluru - 560002
www.canarabank.com

F +91 80 22248831
T +91 80 22100250

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2020-21

हाई-टेक बैंकिंग
बहु-आयामी उत्कृष्टता

High-tech banking.
Multi-dimensional excellence.



केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

Canara Bank
A Government of India Undertaking

सिंडिकेट Syndicate

Together We Can

निदेशक मंडल BOARD OF DIRECTORS



श्री एल.वी. प्रभाकर
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Shri L.V. PRABHAKAR
MANAGING DIRECTOR &
CHIEF EXECUTIVE OFFICER



श्री देवाशीष मुखर्जी
कार्यपालक निदेशक
Shri DEBASHISH MUKHERJEE
EXECUTIVE DIRECTOR



सुश्री ए. मणिमेखलै
कार्यपालक निदेशक
Ms. A. MANIMEKHALAI
EXECUTIVE DIRECTOR



श्री के. सत्यनारायण राजु
कार्यपालक निदेशक (10.03.2021 से)
Shri K. SATYANARAYANA RAJU
EXECUTIVE DIRECTOR (from 10.03.2021)



श्री बृज मोहन शर्मा
कार्यपालक निदेशक (19.05.2021 से)
Shri BRIJ MOHAN SHARMA
EXECUTIVE DIRECTOR (from 19.05.2021)



श्री सुचीन्द्र मिश्रा
प्रतिनिधि निदेशक भारत सरकार
Shri SUCHINDRA MISRA
DIRECTOR REPRESENTING
GOVERNMENT OF INDIA



श्री आर. केशवन
प्रतिनिधि निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक
Shri R. KESAVAN
DIRECTOR REPRESENTING
RESERVE BANK OF INDIA



श्री बिमल प्रसाद शर्मा
शेयरधारक निदेशक
Shri BIMAL PRASAD SHARMA
SHAREHOLDER DIRECTOR



श्री वेंकटाचलम रामकृष्ण अय्यर
शेयरधारक निदेशक
Shri VENKATACHALAM RAMAKRISHNA IYER
SHAREHOLDER DIRECTOR

निदेशक जो अवधि के दौरान कार्य मुक्त हुए Directors Demitted Office during the period



श्री टी.एन. मनोहरन
अध्यक्ष (13.08.2020 को)
Shri T.N. MANOHARAN
CHAIRMAN (on 13.08.2020)



श्री एम.वी. राव
कार्यपालक निदेशक (28.02.2021 को)
Shri M.V. RAO
EXECUTIVE DIRECTOR (on 28.02.2021)



श्री कृष्णन एस.
कार्यपालक निदेशक (03.09.2020 को)
Shri KRISHNAN S.
EXECUTIVE DIRECTOR (on 03.09.2020)



प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारको,

इस वर्ष आपका बैंक अपनी सार्थक सेवा के 116वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इसके लिए सर्वप्रथम मैं आपके निरंतर समर्थन के लिए, विशेष रूप से इस महामारी के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आपके विश्वास के प्रति, आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मैं आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य और शांति की कामना करता हूं।

वित्त वर्ष 2020–21 इस मायने में विशिष्ट रहा कि यह हमारे सामने कोविड–19 महामारी की ऐसी अभूतपूर्व परिस्थितियां और चुनौतियां लेकर आया, जिसकी अनुभूति अपने जीवनकाल में एक बार ही होती है।

दुनिया ने गहरी मंदी देखी, जिसने दुनिया भर के देशों को अपनी चपेट में ले लिया क्योंकि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन उपायों के बाद आर्थिक गतिविधियां लगभग ठप हो गईं। वर्ष 2020 में, दूसरे देशों की तुलना में कुछ देशों के काफी खराब प्रदर्शन के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में 4.3% की गिरावट आई। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाएं अपनी पूर्व–महामारी के स्तर पर लौटने लगी हैं। लेकिन महामारी के असमान प्रभाव की तरह ही, आर्थिक सुधार की गति भी अलग–अलग देशों में व्यापक रूप से भिन्न हैं।

कोविड–19 का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 21 की प्रथम छमाही की लगातार दो तिमाहियों में कमी आई। हालाँकि, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के त्वरित नीतिगत समर्थन और वित्तवर्ष 21 की दूसरी तिमाही के बाद से लॉकडाउन मानदंडों में ढील से, आर्थिक गतिविधियों में तेज वापसी हुई और आर्थिक विकास का मार्ग वित्त वर्ष 2020–21 की दूसरी छमाही में सकारात्मक क्षेत्र में लौट आया। भारत में, गरीबों को नकद और राहत की सीधे सहायता प्रदान करने के साथ प्रोत्साहन के रूप में एक अंश–अंकित (कैलिब्रेटेड) नीति की शुरूआत की गई और इसे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को सहायता प्रदान करने के लिए आगे बढ़ाते हुए व्यापक पैकेज (आत्मनिर्भर भारत) के रूप में विस्तारित किया गया।

रिज़र्व बैंक ने भी घरेलू आर्थिक गतिविधियों में तीव्र मंदी को रोकने, वित्तीय स्थितियों को आसान बनाने के लिए और विशेष रूप से वित्तीय स्थिरता और भुगतान एवं निपटान प्रणाली की सुदृढ़ता और अखंडता को संरक्षित रखने और इसे बनाए रखने के साथ–साथ वित्तीय बाजारों और मध्यस्थों के सामान्य कामकाज को बनाए रखना सुनिश्चित करने के लिए प्रणालीगत और साथ–साथ कई क्षेत्र–विशिष्ट उपाय किए। कुल मिलाकर, रिजर्व बैंक द्वारा 6 फरवरी 2020 (5 मई, 2021 तक) से अर्थव्यवस्था के लिए घोषित कुल सहयोग राशि ₹15.7 लाख करोड़ थी।

MD & CEO'S STATEMENT

Dear Shareholders,

Your Bank steps into its 116th fruitful year of service and at the outset, I extend my gratitude to each one of you for your continued support, particularly through the challenging time of the pandemic. I wish each one of you good health and spirit.

The FY 2020-21 was unique in the sense that it posed before us the unprecedented circumstances and challenges of the COVID-19 pandemic, which is once in a lifetime experience.

The world witnessed the deep recession that engulfed countries across the globe as economic activities came to a near standstill following lockdown measures to contain the spread of the virus. In 2020, the global economy contracted by 4.3%, with some countries doing considerably worse than others. National economies are beginning to return to their pre-pandemic levels. But like the uneven impact of the pandemic itself, the pace of economic recovery is massively divergent across countries.

COVID-19 has had a serious impact on Indian economy. Indian economy contracted in two consecutive quarters of H1FY21. However, with the prompt policy support from Government of India and Reserve Bank of India (RBI) and with easing of lockdown norms since Q2FY21, there was a sharp rebound in economic activities and economic growth trajectory returned to positive zone in second half of FY 2020-21. In India, a calibrated policy stimulus began with direct assistance in cash and kind to the poor and progressively broadened into a comprehensive package (Aatma Nirbhar Bharat) to provide support to the various sectors of the economy.

The Reserve Bank too undertook several measures, system-wide as well as sector-specific, to arrest the precipitous downturn in domestic economic activity, to ease financial conditions and in particular, to ensure the normal functioning of financial markets and intermediaries while preserving and maintaining financial stability and the soundness and integrity of payment and settlement systems. Overall, the total support announced by the Reserve Bank for the economy since February 6, 2020 (up to May 5, 2021) amounted to ₹15.7 lakh crore.

रिज़र्व बैंक ने दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ), लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ), विशिष्ट क्षेत्रों पर केंद्रित ऑन–टैप टीएलटीआरओ, म्यूचुअल फंड के लिए तरलता (लिक्विड) विंडो, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) की तरलता की स्थिति में सुधार करने के लिए एक विशेष तरलता योजना (एसएलएस), राज्य विकास ऋण (एसडीएल) और ट्विस्ट संचालन सहित खुले बाजार के परिचालन के साथ–साथ विभिन्न उपकरणों के माध्यम से बाजार का संचालन किया। इसके अतिरिक्त, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 100 बीपीएस (4.0% से 3.0% तक) से घटा दिया गया था। इसके अलावा, सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) के तहत बैंकों के लिए उनके सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में गिरावट करके उधार लेने की सीमा को पहले के 2% से बढ़ाकर एनडीटीएल का 3% कर दिया गया था। उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए ऋण चुकौती पर अधिस्थगन और इसके बाद कोविड–19 से प्रभावित व्यवहार्य खातों के समाधान को सक्षम करने के लिए एक व्यापक रेज़ोल्यूशन फ्रेमवर्क 1.0 के रूप में पूर्वक्रीत नियामक उपायों की घोषणा की गई।

महामारी की दूसरी लहर ने वित्त वर्ष 22 की पहली तिमाही की शुरुआत से ही आर्थिक सुधार प्रक्रिया को धीमा कर दिया है, जिसने निकट अवधि में विकास के परिप्रेक्ष्य में विकास की गति को कुंटित कर दिया है। हालांकि, स्थानीय लॉकडाउन मानदंडों के साथ पिछले साल की तुलना में कम गंभीर प्रभाव होने की उम्मीद है और व्यवसायों तथा लोगों ने महामारी संबंधी प्रतिबंधों के साथ संचालन करते हुए नए सामान्य को अपना लिया है। जून 2021 में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में, आरबीआई ने महामारी की दूसरी लहर के प्रभाव का आकलन करने के बाद वित्त वर्ष 2021–22 के लिए वास्तविक जीडीपी विकास दर 9.5% रहने का अनुमान लगाया है और अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कई उपाय किए हैं।

आपके बैंक द्वारा बढ़ रही महामारी की स्थिति की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और कर्मचारी और ग्राहक दोनों को कोविड–19 से बचाने के लिए समय–समय पर सुरक्षा दिशानिर्देश / उपाय जारी किए जा रहे हैं। इस संबंध में, प्र.का. / अं.का. / क्षे.का. स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमों और हेल्प डेस्कों को स्थापित किया गया है, कारोबार निरंतरता योजना के एक भाग के रूप में परिवर्तित काम के घंटे / रोटेशन / वर्क फ्रम होम(घर से कार्य) को अपनाया जा रहा है। बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा और उचित चिकित्सा देखभाल के लिए विभिन्न होटलों के साथ टाईअप कर टीकाकरण शिविर और संगरोध (क्वारंटीन) सुविधाओं की भी व्यवस्था कर रहा है। इसके अलावा, महामारी संकट की गंभीरता को देखते हुए, बैंक ने कारोबार परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए हैं। बैंक की एक डिजास्टर रिकवरी साइट है जो डेटा सेंटर में किसी भी व्यवधान के मामले में सीबीएस और बैंक के अन्य कार्यों को संभालने में सक्षम है।

The Reserve Bank conducted market operations through a variety of instruments, including long-term repo operations (LTROs), targeted long-term repo operations (TLTROs), on-tap TLTROs aimed at specific sectors, a liquidity window for mutual funds, a special liquidity scheme (SLS) to improve the liquidity position of non-banking financial companies (NBFCs) and housing finance companies (HFCs), open market operations including in state development loans (SDLs) and twist operations. Additionally, cash reserve ratio (CRR) was reduced by 100 bps (from 4.0% to 3.0%). Further, the borrowing limit for banks under the marginal standing facility (MSF), by dipping into their statutory liquidity ratio (SLR), was enhanced to 3% of NDTL from 2% earlier. Pre-emptive regulatory measures were announced to provide relief to the borrowers in the form of moratorium on loan repayments, followed by a comprehensive Resolution Framework 1.0 to enable resolution of viable accounts impacted by the COVID-19.

The second wave of the pandemic has slowed down the economic recovery process since the start of Q1 FY22 which has subdued the growth outlook in the near term. However, the impact is expected to be less severe as compared to last year with localized lockdown norms and businesses and people adjusting to the new normal while operating with pandemic related restrictions. In June 2021 meeting of the Monetary Policy Committee (MPC) meeting, RBI has projected the real GDP growth to be 9.5% for FY 2021-22 after assessing the impact of the second wave of the pandemic and has taken many measures to keep supporting economy.

The developing pandemic situation is regularly monitored by your Bank and safety guidelines / measures are being issued from time to time to protect both employees and customers from COVID-19. In this regard, quick response teams and help desks have been setup at HO / CO / RO level, staggered working hours / rotation / work from home is being practiced as a part of Business continuity plan. Bank is also arranging vaccination camps and quarantine facilities in tie-up with various hotels for the safety and proper medical care of the employees. Further, foreseeing the depth of pandemic crisis, the Bank has taken all precautionary initiatives to ensure continuity in operations. The Bank has a Disaster Recovery site which is capable of handling the CBS and other functions of the Bank in case of any disruption at Data Centre.

हमने अपने ग्राहकों को उन्नत सुविधाओं से युक्त डिजिटल उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि वे अपने घरों से आराम और सुरक्षा के साथ बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर सकें और महामारी के दौरान अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए अन्य ओमनी चैनलों को लोकप्रिय बनाने का प्रयास किया है। हम सामान्य समय में भी इस रणनीति को जारी रखेंगे। बैंक ने जनता की सेवा के लिए 9 सितंबर 2020 को 100 केंद्रों पर 1410 नामित शाखाओं के माध्यम से डोरस्टेप (द्वारस्थ) बैंकिंग सेवाएं शुरू की है। इसके तहत फिलहाल 11 सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

आर्थिक गतिविधियों पर महामारी के प्रभाव के कारण, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ऋण वृद्धि (वर्ष–दर–वर्ष) एक साल पहले के 6.4% की तुलना में मार्च 2021 में घटकर 5.6% रह गई है, और कुल जमा वृद्धि (वर्ष–दर–वर्ष) एक साल पहले के 9.5% की तुलना में मार्च 2021 में बढ़कर 12.3% हो गई।

लेकिन, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान चुनौतियों के बावजूद, बैंक ने समामेलित इकाई के सामंजस्य (साइनर्जी) लाभों का सफलतापूर्वक उपयोग करते हुए मजबूत मूल सिद्धांतों के साथ बेहतर वित्तीय प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2020–21 पूर्ववर्ती सिंडिकेट बैंक और केनरा बैंक के समामेलन के बाद समामेलित इकाई का पहला वर्ष था। समामेलन प्रक्रिया सुचारू रूप से की गई है और हमारे ग्राहकों को निर्बाध बैंकिंग सेवाओं के लिए तकनीकी और मानव संसाधन दोनों का एकीकरण समय पर पूरा किया गया।

परिचालन दक्षता के लिए नई पहल

पूर्ववर्ती सिंडिकेट बैंक 1 अप्रैल 2020 से केनरा बैंक में समामेलित हो गया और समामेलित इकाई यानी केनरा बैंक ने यूनिफाइड ऑपरेशंस का एक साल पूरा कर लिया है। पिछले एक साल में, बैंक ने 'बेस्ट ऑफ टू' (दोनों में से सर्वोत्तम) सिद्धांत के आधार पर सभी नीतियों, उत्पादों और प्रक्रियाओं के सामंजस्य को पूरा किया और ग्राहकों के लिए इष्टतम उत्पाद सूट बनाया। बैंक ने किसी भी शाखा में ग्राहकों द्वारा सभी लेनदेनों के लिए सीबीएस में पहले दिन (01.04.2020) से ही इंटरऑपरेबल विकल्प प्रदान किए हैं। बैंक ने हमेशा की तरह कारोबार सुनिश्चित करने पर ध्यान बनाए रखा है।

समामेलित बैंक की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों, अंचल कार्यालयों को पुनर्गठित किया और प्रधान कार्यालय में विभिन्न विभाग बनाए गए। परिचालन दक्षता और कारोबार के संवर्द्धन के लिए बनाए गए विभिन्न विभागों (वर्टिकल) में समाधान विभाग, एलबी और आरआरबी विभाग, विपणन और सरकारी संबंध विभाग,

We have encouraged usage of digital products by our customers with enhanced features, so that they can do banking from the comfort and safety of their homes and tried to popularize other omni channels to serve our customers better during the pandemic. We will continue with this strategy even during normal times. Bank has initiated Doorstep Banking Services on 9th September 2020 through 1410 designated branches at 100 centers to serve the public. At present 11 services are being offered under this.

Due to the impact of the pandemic on economic activities, the Scheduled Commercial Banks (SCBs) credit growth (y-o-y) has decelerated to 5.6% in March 2021 as compared to 6.4% a year earlier, and aggregate deposits growth (y-o-y) accelerated to 12.3% in March 2021 from 9.5% a year ago.

But, I am happy to announce that despite the challenges during the previous financial year, the Bank has achieved better financial performance with strengthened core fundamentals while successfully leveraging the synergy benefits of the amalgamated entity. FY 2020-21 was the first year of the amalgamated entity after merger of erstwhile Syndicate Bank and Canara Bank. The amalgamation process has been smoothly carried out and integration of both technology and human resources have been completed well in time, for seamless banking services to our customers.

NEW INITIATIVES FOR OPERATIONAL EFFICIENCY

Erstwhile Syndicate Bank amalgamated into Canara Bank with effect from April 1, 2020 and the amalgamated entity. i.e. Canara Bank has completed one year of unified operations. Over the past year, the Bank completed harmonisation of all policies, products and processes based on the 'Best of Two' principle and created the optimum product suite for customers. Bank has provided Interoperable options from the First day (01.04.2020) for all frequent transactions in CBS for Customers to make in any Branch. Bank has focused on ensuring business as usual.

Reorganized the Regional Offices, Circle Offices and created various Verticals at Head Office to meet the requirement of Amalgamated Bank. The various verticals created for operational efficiency and augmentation of more business are Reconciliation Wing, LB & RRB Wing, Marketing and Government Relations Wing, MIS Wing, Compliance &

एमआईएस विभाग, अनुपालन और आरबीएस विभाग, सहयोगी एवं अनुषंगियां विभाग, स्वर्ण ऋण विभाग, केंद्रीय प्रसंस्करण विभाग और नकद प्रबंधन एवं लेखन–सामग्री विभाग शामिल हैं।

बैंक ने परिचालन दक्षता के लिए कई पहलें भी की हैं जैसे–कारोबार प्रक्रिया गतिविधियों को केंद्रीकृत और डिजिटल करना जैसे–विशेष रूप से केंद्रीय प्रसंस्करण विभाग की निगरानी में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों के माध्यम से खाता खोलना, आरएएच के माध्यम से खुदरा ऋण प्रसंस्करण, सीकेवाईसी ऐप के माध्यम से केवाईसी अपडेशन, सीपीसीएफटी के माध्यम से विदेशी मुद्रा लेनदेन, वसूली कॉल सेंटर (आरईसीसी), एनालिटिक्स आधारित रिटेल क्रेडिट ऑफर, प्रक्रियाओं को स्वचालित करने और पेपर–लाइट बैंकिंग को बढ़ावा देने हेतु लीड जनरेशन और दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली के लिए फिन–टेक और ई–कॉमर्स के साथ टाई–अप व्यवस्था।

सीबीएस का अपग्रेडेड वर्जन 11.8 और पेरिफेरल एप्लीकेशंस (इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, सीटीएस, गवर्नमेंट बिजनेस मॉड्यूल आदि) का संपूर्ण माइग्रेशन जनवरी 2021 में पूरा कर लिया गया। संपूर्ण समामेलन प्रक्रिया 'ग्राहक केंद्रित' रही है। ग्राहकों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने अत्यधिक सावधानी बरती है। लगातार ग्राहक संचार से सुनिश्चित किया गया कि एकीकरण से संबंधित कोई बड़ी ग्राहक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। हम एक प्रगतिशील बैंक हैं और इन पहलों को लाने से बैंक का प्रदर्शन और बेहतर होगा।

संयुक्त इकाई ने न केवल बेहतर परिचालन लाभ दर्ज किया है, बल्कि वित्त वर्ष 2020–2021 में सकारात्मक लाभ की तरफ भी लौटी है। मैं आपके सामने वित्त वर्ष 2021 के लिए आपके बैंक के प्रदर्शन के मुख्य बिन्दु प्रस्तुत कर रहा हूं, जिसका विस्तृत विवरण वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

बैंक के मुख्य कार्यनिष्पादन

कारोबार

वित्त वर्ष 2021–21 के दौरान, बैंक का वैश्विक कारोबार बढ़कर ₹1686030 करोड़ हो गया, जिसमें वैश्विक जमा ₹1010875 करोड़ और वैश्विक अग्रिम बढ़कर ₹675155 करोड़ हो गया। ₹963306 करोड़ के घरेलू जमा और ₹652558 करोड़ के घरेलू अग्रिम के साथ घरेलू कारोबार बढ़कर ₹1615864 करोड़ हो गया।

केनरा गैलेक्सी, केनरा प्रिविलेज, एसबी पेरोल, एसबी पॉवरप्लस, केनरा जीवनधारा और एनआरआई खातों जैसे प्रमुख कासा उत्पादों पर जोर दिया गया ताकि कासा के तहत औसत शेष में सुधार किया जा सके।

नतीजतन, यथा मार्च 2020–21 तक कासा का हिस्सा बढ़कर 34.33% हो गया, जिसमें बचत जमा ₹281525 करोड़ और चालू जमा ₹49131 करोड़ रहा। मार्च 2021 तक खुदरा मीयादी जमा ठोस रूप से बढ़कर

RBS Wing, Associates and Subsidiaries Wing, Gold Loan Wing, Central Processing Wing and Cash Management & Stationery Wing.

Bank has also undertaken several initiatives for operational efficiency like centralizing and digitalizing the business process activities such as account opening through Central Processing Hubs monitored exclusively by Central Processing Wing, retail loan processing through RAH, KYC updation through CKYC app, forex transactions through CPCFT, Recovery Call Centre (RECC), analytics based Retail credit offers, tie-up arrangements with Fin-Tech & E-Commerce for lead generation and Document Management System to automate processes and promote paper-light banking.

Entire Migration of CBS to upgraded version 11.8 and Peripheral Applications (Internet Banking, Mobile Banking, UPI, CTS, Government Business Modules etc) completed in January 2021. The entire amalgamation exercise is 'customer centric'. Bank has taken extreme care to ensure minimum customer inconvenience. Constant customer communication ensured that no major customer grievances related to integration were reported. We are a progressive Bank and leveraging on these initiatives will further aid the performance of the Bank.

The combined entity has not only reported a much higher operating profit, but also returned to positive profit in FY 2020-21. I am placing before you the highlights of your Bank's performance for the year FY 2020-21, details of which have been given in the Annual Report.

KEY PERFORMANCE OF THE BANK

BUSINESS

During FY 2020-21, the global business of the Bank increased to ₹1686030 crore, with global deposits at ₹1010875 crore and global advances growing to ₹675155 crore. Domestic business increased to ₹1615864 crore with domestic deposits at ₹963306 crore and domestic advances at ₹652558 crore.

The thrust on premier CASA products, like Canara Galaxy, Canara Privilege, SB Payroll, SB Powerplus, Canara Jeevandhara and NRI accounts were given to improve the average balances under CASA.

Consequently, the CASA share improved to 34.33% as on March 2021 with savings deposits at ₹281525 crore and current deposits at ₹49131 crore. Retail Term deposit

₹420333 करोड़ हो गया। बैंक के पास लगभग 10.41 करोड़ का मजबूत जमा ग्राहक आधार है।

बैंक हमेशा एक संतुलित परिसंपत्ति मिश्रण बनाए रखता है जिसमें कृषि और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) जैसे क्षेत्रों के साथ–साथ आवास, शिक्षा और वाहन ऋण सहित अन्य खुदरा संपत्तियों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। उल्लेखनीय है कि, इस वर्ष आपके बैंक का मुख्य खुदरा पोर्टफोलियो बढ़कर ₹115312 करोड़ हो गया, जिसमें आवास ऋण बढ़कर ₹64326 करोड़, वाहन ऋण बढ़कर ₹13713 करोड़ और शिक्षा ऋण बढ़कर ₹12439 करोड़ हो गया। मार्च 2021 तक उधार लेने वाले ग्राहकों की संख्या 1.01 करोड़ है।

यथा मार्च 2021 तक एमएसएमई को अग्रिम ₹108334 करोड़ रहा जिसमें एमएसई अग्रिम ₹94822 करोड़ था। इस खंड में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए, वित्त वर्ष 2020–21 में बैंक ने विशिष्ट क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न आवश्यकता आधारित योजनाएं और उत्पाद लॉन्च किए हैं।

वित्तीय प्रदर्शन

वित्त वर्ष 2020–21 के लिए, बैंक की कुल आय बढ़कर ₹84525 करोड़ हो गई और गैर–ब्याज आय बढ़कर ₹15285 करोड़ हो गई। बैंक की जमा लागत घटकर 4.52% हो गई। निवल ब्याज आय यानी, बैंक द्वारा भुगतान किए गए ब्याज और अर्जित ब्याज के बीच का अंतर मार्च 2021 तक ₹24062 करोड़ था। इस वर्ष सकल एनपीए अनुपात 8.93% और निवल एनपीए 3.82% है। मार्च 2021 तक प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) सुधरकर 79.68% हो गया।

महामारी वर्ष की चुनौतियों के बावजूद, बैंक ने ₹2558 करोड़ के निवल लाभ के साथ वित्त वर्ष 2020–21 में ₹20009 करोड़ का रिकॉर्ड परिचालन लाभ हासिल किया है। एनआईएम 2.75% और अग्रिम पर यील्ड 7.73% पर रहा। आपके बैंक के पास मार्च 2021 तक 10.875% की नियामक आवश्यकता के मुकाबले बेसल III के तहत 13.18% के पूंजी पर्याप्तता अनुपात के साथ अनुकूल कैपिटल कुशनिंग है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, बैंक ने बेसल III के अनुपालन के साथ अतिरिक्त टियर 1 बॉन्ड के माध्यम से ₹2936.10 करोड़ की पूंजी और क्यूआईपी के माध्यम से ₹2000 करोड़ की इक्विटी जुटाई है और इस तरह 31.03.2021 तक बैंक में भारत सरकार की शेयरधारिता 69.33% है।

प्राथमिकता क्षेत्र और वित्तीय समावेशन

आपका बैंक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपनी रणनीतियों को पुनर्निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत, आपके बैंक ने निम्नानुसार अनिवार्य लक्ष्यों को विश्वसनीय रूप से प्राप्त किया है:

- ✓ कुल प्राथमिकता क्षेत्र में 40% के मानदंड के मुकाबले समायोजित निवल बैंक ऋण का 44.14%

increased to robust ₹420333 crore as at March 2021. The Bank has a strong deposits clientele base of about 10.41 crore.

The Bank is always keen on maintaining a well-balanced asset mix, encompassing sectors such as Agriculture and Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) as well as keeping a focus on other retail assets, including Housing, Education, and Vehicle loans. Notable, this year your Bank's core retail portfolio increased to ₹115312 crore with Housing loans increasing to ₹64326 crore, vehicle loans increasing to ₹13713 crore and education loan growing to ₹12439 crore. The number of borrowal clientele is at 1.01 crore as at March 2021.

Advances to MSME stood at ₹108334 Crore with MSE advances of ₹94822 crore as at March 2021. In order to increase credit flow to this segment, in FY 2020-21 the Bank has launched various need-based schemes and products catering to the needs of specific segments.

FINANCIAL PERFORMANCE

For FY 2020-21, the total income of the Bank increased to ₹84525 crore and non-interest income increased to ₹15285 crore. The Bank's cost of deposits decreased to 4.52%. The net interest income, the difference between interest paid and interest earned by the Bank, stood at ₹24062 crore as at March 2021. The Gross NPA ratio is at 8.93% this year and Net NPA at 3.82%. Provision Coverage Ratio (PCR) improved to 79.68% as at March 2021.

Bank has achieved a record operating profit of ₹20009 crore in FY 2020-21 with net profit of ₹2558 crore, despite the challenges of a pandemic year. NIM stood at 2.75% and Yield on Advances at 7.73%. Your Bank has a comfortable capital cushioning with Capital Adequacy Ratio, under Basel III at 13.18% as at March 2021 against the regulatory requirement of 10.875%.

During the Financial Year 2020-21, Bank has raised capital via Basel III compliant additional Tier 1 Bond amounting to ₹2936.10 crore and equity through QIP of ₹2000 crore and thereby Government of India shareholding in the bank is 69.33% as on 31.03.2021.

PRIORITY SECTOR AND FINANCIAL INCLUSION

Your Bank is committed to reorienting its strategies to meet various goals under national priorities. Under various national priorities, your Bank has credibly achieved the mandated targets as follows:

- ✓ 44.14% of the adjusted net bank credit against 40% norm in total priority

- ✓ कृषि क्षेत्र के लिए ऋण में 18% के मानदंड के मुकाबले समायोजित निवल बैंक ऋण का 18.56%
- ✓ छोटे और सीमांत किसानों को ऋण देने के 8% के मानदंड के मुकाबले समायोजित निवल बैंक ऋण का 11.23%
- ✓ कमजोर वर्ग को ऋण के 10% के मानदंड के मुकाबले समायोजित निवल बैंक ऋण का 17.66%

बैंक ने 19200 इकाइयों के साथ वित्त वर्ष 2020–21 में ₹48000 करोड़ की पीएसएलसी की बिक्री की है।

ये उपलब्धियां वास्तव में समावेशी राष्ट्र निर्माण के लिए आपके बैंक की प्रतिबद्धता और महामारी के कहर से प्रभावित अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के पुनरुद्धार में समर्थन को दर्शाती हैं।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

संस्थापना सिद्धांतों और सदियों पुरानी परंपरा का पालन करते हुए, बैंक विभिन्न कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। इस महामारी के समय में, बैंक कई स्थानों पर भोजन के पैकेट, किराने का सामान, चिकित्सा किट, कंबल और एम्बुलेंस वैन उपलब्ध करा रहा है। बैंक की सीएसआर पहल बहुविध हैं। अन्य केंद्रित गतिविधियाँ में बेरोजगार ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देना, मेधावी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को छात्रवृत्ति, दिव्यांगों की मदद, जरूरतमंद शैक्षणिक संस्थानों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना, पेयजल, सामुदायिक विकास, महिला सशक्तिकरण, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना और समाज को गरीबी और संकट से ऊपर उठाने के लिए कई अन्य सामाजिक पहल शामिल हैं।

भविष्य की दिशा

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए विशेष रूप से वर्ष की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों के व्यापक आधार पर सामान्यीकरण और केंद्र सरकार और आरबीआई से निरंतर नीतिगत समर्थन के साथ आर्थिक सुधार की उम्मीद के साथ आगे का दृष्टिकोण सकारात्मक है। बैंक ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और सभी नीतिगत पहल में सक्रिय रूप से भाग लेकर अर्थव्यवस्था के आर्थिक पुनरुद्धार में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक का प्रबंधन वित्त वर्ष 2021–22 और उसके बाद मजबूत पूंजी आधार के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए सभी कारोबार क्षेत्रों में संवर्धित विकास प्राप्त करने की दिशा में पूरी तरह आश्वस्त है। बैंक परिसंपत्ति गुणवत्ता और पूंजी संरक्षण पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।

मैं बोर्ड के सभी सदस्यों को हमारे प्रयासों में उनके बहुमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और प्रबंधन में उनके निर्देशों के लिए धन्यवाद देता हूं।

- ✓ 18.56% of the adjusted net bank credit against 18% norm in lending to agriculture
- ✓ 11.23% of the adjusted net bank credit against 8% norm in lending to small and marginal farmers.
- ✓ 17.66% of the adjusted net bank credit against 10% norm in lending to weaker section.

The Bank has sold PSLC to the tune of ₹48000 crore in FY 2020-21 encompassing 19200 units.

These achievements indeed speak of your Bank's commitment to the inclusive nation building and supporting the revival of the critical sectors of the economy from the ravages of the pandemic.

CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY

Following the founding principles and century old tradition, the Bank is engaged in varied Corporate Social Responsibility (CSR) activities. In this pandemic time, Bank is providing food packets, groceries, medical kits, blankets and ambulance van at many places. CSR initiatives of the Bank are multifarious. Other focused activities are like training unemployed rural youth, scholarship to meritorious SC / ST Girl students, help to differently-abled, providing of infrastructural facilities to needy educational institutes, providing primary health care, drinking water, community development, empowerment of women, financial support for the welfare of Ex-servicemen and many other social initiatives to uplift the society from poverty and distress.

WAY FORWARD

The outlook for financial year 2021-22 is positive with expectation of economic recovery gaining momentum, particularly in the second half of the year, with broad based normalization of economic activity and continued policy support from the Central Government and the RBI. The Bank is committed to champion in meeting all financial needs of the customers and contribute to economic revival of the economy by proactively participating in all policy initiatives.

The Bank's management is highly confident about achieving augmented growth across all business segments by leveraging the digital technology with robust capital base in financial year 2021-22 and beyond. Bank will continue its focus on asset quality and capital conservation.

I would like to acknowledge and thank all the members of the Board for their valuable support, guidance and

मैं वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक को भी समय-समय पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं अपने सभी कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं। हम नई ऊंचाइयों को छूने के लिए आगे बढ़ रहे हैं और आगे बढ़ने के लिए हम आपके निरंतर सहयोग, समर्थन और सद्भावना की आशा करते हैं।

एल.वी. प्रभाकर
दिनांक: 28.06.2021 प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

inputs to the management in our endeavors. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time. I acknowledge and thank all our employees for their hard work, dedication and commitment. We look forward to your continued patronage, support and goodwill as we march ahead for scaling newer heights.

L.V. Prabhakar
Date: 28.06.2021 Managing Director & CEO

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

Canara Bank
A Government of India Undertaking

सिंडिकेट Syndicate

Together We Can

वार्षिक रिपोर्ट
2020-2021
ANNUAL REPORT

वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021

विषयवस्तु

1. नोटिस 3
2. प्रगति की एक झलक 27
3. निदेशकों की रिपोर्ट 2020–2021 28
   - प्रबंधन विचार–विमर्श व विश्लेषण 30
   - कारोबार निष्पादन 35
   - वित्तीय निष्पादन 36
   - वित्तीय समावेशन 50
   - निदेशकों के दायित्व वक्तव्य 77
   - सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट 79
4. कारोबार दायित्व रिपोर्ट 85
5. कॉरपोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट 112
   - निदेशकों की गैर–अनर्हता का प्रमाण पत्र 150
6. कॉर्पोरेट गवर्नेन्स पर लेखापरीक्षकों का प्रमाण पत्र 153
7. मुख्य पदों, कार्यपालक प्रमुखों और महाप्रबंधकों / मुख्य महाप्रबंधकों की सूची – यथा 31.03.2021 154
8. एकल वित्तीय विवरण
   - लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 162
   - असंशोधित विचार के साथ लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा 177
   - सीईओ / सीएफओ प्रमाणन-सेबी सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यएँ (एलओडीआर) विनियमन, 2015 का विनियम 17 (8) 178
   - तुलन पत्र 180
   - लाभ व हानि लेखा 181
   - तुलन पत्र का अंश बननेवाली अनुसूचियाँ 182
   - लाभ व हानि लेखा का अंश बननेवाली अनुसूचियाँ 190
   - लेखांकन नीतियाँ 192
   - लेखा संबंधी टिप्पणियाँ 203
   - स्तंभ 3 (बासेल III) प्रकटन 272
   - नकद प्रवाह विवरण 274
9. समेकित वित्तीय विवरण
   - लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट 279
   - असंशोधित विचार के साथ लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा 291
   - सीईओ / सीएफओ प्रमाणन - सेबी (एलओडीआर) विनियामक, 2015 का विनियम 17 (8) 292
   - समेकित तुलन पत्र 294
   - समेकित लाभ व हानि लेखा 295
   - समेकित तुलन पत्र का अंश बननेवाली अनुसूचियाँ 296
   - समेकित लाभ व हानि लेखा का अंश बननेवाली अनुसूचियाँ 303
   - लेखांकन नीतियाँ 305
   - समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखा संबंधी टिप्पणियाँ 319
   - समेकित नकद प्रवाह विवरण 341
10. लाभांश वितरण नीति 344
11. हरित पहल – शेयरधारकों से अपील 349

ANNUAL REPORT 2020-2021

CONTENTS

1. NOTICE 3
2. PROGRESS AT A GLANCE 27
3. DIRECTORS' REPORT 2020-2021 28
   - MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS 30
   - BUSINESS PERFORMANCE 35
   - FINANCIAL PERFORMANCE 36
   - FINANCIAL INCLUSION 50
   - DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT 77
   - SECRETARIAL AUDIT REPORT 79
4. BUSINESS RESPONSIBILITY REPORT 85
5. REPORT ON CORPORATE GOVERNANCE 112
   - CERTIFICATE OF NON-DISQUALIFICATION OF DIRECTORS 151
6. AUDITORS' CERTIFICATE ON CORPORATE GOVERNANCE 153
7. LIST OF KEY POSITIONS, FUNCTIONAL HEADS & CHIEF GENERAL MANAGER / GENERAL MANAGER AS ON 31.03.2021 155
8. STANDALONE FINANCIAL STATEMENTS
   - AUDITORS' REPORT 162
   - DECLARATION OF AUDIT REPORT WITH UNMODIFIED OPINION 177
   - CEO / CFO CERTIFICATION - REGULATION 17(8) OF SEBI (LODR) REGULATIONS, 2015 178
   - BALANCE SHEET 180
   - PROFIT AND LOSS ACCOUNT 181
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE BALANCE SHEET 182
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE PROFIT AND LOSS ACCOUNT 190
   - ACCOUNTING POLICIES 192
   - NOTES ON ACCOUNTS 203
   - PILLAR 3 (BASEL III) DISCLOSURES 273
   - CASH FLOW STATEMENT 274
9. CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS
   - AUDITORS' REPORT 279
   - DECLARATION OF AUDIT REPORT WITH UNMODIFIED OPINION 291
   - CEO / CFO CERTIFICATION - REGULATION 17(8) OF SEBI (LODR) REGULATIONS, 2015 292
   - CONSOLIDATED BALANCE SHEET 294
   - CONSOLIDATED PROFIT AND LOSS ACCOUNT 295
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE CONSOLIDATED BALANCE SHEET 296
   - SCHEDULES FORMING PART OF THE CONSOLIDATED PROFIT AND LOSS ACCOUNT 303
   - ACCOUNTING POLICIES 305
   - NOTES ON ACCOUNTS ON THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS 320
   - CONSOLIDATED CASH FLOW STATEMENT 341
10. DIVIDEND DISTRIBUTION POLICY 344
11. GREEN INITIATIVE - APPEAL TO SHAREHOLDERS 350

नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि केनरा बैंक के शेयरधारकों की उन्नीसवीं वार्षिक सामान्य बैठक, **वीडियो कांफ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों के द्वारा मंगलवार, 3 अगस्त 2021 को प्रातः 11.00 बजे** आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य निम्नांकित कारोबार का संचालन करना है:

1. यथा 31 मार्च, 2021 को बैंक के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र, वर्ष समापन 31 मार्च, 2021 हेतु लाभ व हानि लेखा, तुलन–पत्र व लेखा पर लेखा व ऑडिटर की रिपोर्ट द्वारा प्रावरित अवधि हेतु बैंक की कार्रवाई व गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर परिचर्चा करना, उसे अनुमोदित करना व अंगीकृत करना।

2. बैंक की इक्विटी पूंजी जुटाना

   निम्नलिखित पर विचार करना और उचित समझे जाने पर निम्नलिखित को विशेष संकल्प के रूप में पारित करना:

"संकल्प लिया जाता है कि" बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 (अधिनियम), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (योजना) और समय–समय पर यथा संशोधित अनुसार केनरा बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियमावली, 2000 के प्रावधानों के अनुसरण में तथा भारतीय रिज़र्व बैंक **("आरबीआई"),** भारत सरकार **("जीओआई"),** भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड **("सेबी")** और / या इस संबंध में अपेक्षित अन्य किसी प्राधिकरण के अनुमोदन, सहमति, अनुमति और मंजूरी, यदि कोई हो, के अधीन एवं ऐसे अनुमोदन प्रदान करने के लिए उनके द्वारा निर्धारित ऐसी शर्तों और उन पर संशोधनों के अधीन और जिनसे बैंक का निदेशक मंडल सहमत हो तथा भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी और प्रासंगिक अन्य सभी संबंधित प्राधिकरणों द्वारा समय–समय पर निर्धारित विनियमों अर्थात् सेबी (पूँजी निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2018 यथा तारीख तक अद्यतन (आई सी डी आर विनियमावली), दिशानिर्देशों, यदि कोई हो, के अधीन बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, सेबी (सूचीकरण दायित्व व प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992 और सभी अन्य लागू नियम तथा अन्य सभी संबद्ध प्राधिकारों के अधीन अधिसूचनाएं / परिपत्र और स्पष्टीकरण तथा उन स्टॉक एक्स्चेंजों के साथ किये गये सूचीबद्दता करार के अधीन, जहाँ बैंक के ईक्विटी शेयरों को सूचीबद्द किया गया है, एतद्द्वारा बैंक के शेयरधारकों की सहमति, बैंक के निदेशक मंडल (जिसे यहाँ इसके बाद

NOTICE

Notice is hereby given that the Nineteenth Annual General Meeting of the Shareholders of Canara Bank will be held **on Tuesday, the 3rd August, 2021 at 11.00 a.m. IST through Video Conferencing / Audio Visual Means,** to transact the following business:

1. To discuss, approve and adopt the Audited Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2021, Profit & Loss account for the year ended 31st March 2021, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

2. Raising of Equity Capital of the Bank

   To consider and if thought fit, to pass the following as a Special Resolution:

"RESOLVED THAT pursuant to the provisions of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (Act), The Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 (Scheme) and the Canara Bank (Shares and Meetings) Regulations, 2000 as amended from time to time and subject to the approvals, consents, permissions and sanctions, if any, of the Reserve Bank of India **("RBI"),** the Government of India **("GOI"),** the Securities and Exchange Board of India **("SEBI"),** and / or any other authority as may be required in this regard and subject to such terms, conditions and modifications thereto as may be prescribed by them in granting such approvals and which may be agreed to by the Board of Directors of the Bank and subject to the regulations viz., SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 (ICDR Regulations) as amended up to date, guidelines, if any, prescribed by the RBI, SEBI, notifications/circulars and clarifications under the Banking Regulation Act, 1949, SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Securities and Exchange Board of India Act, 1992 and all other applicable laws and all other relevant authorities from time to time and subject to the Listing Agreements entered into with the Stock Exchanges where the equity shares of the Bank are listed, consent of the shareholders of the Bank be and is hereby accorded to the Board of Directors of the Bank (hereinafter called **"the Board"** which shall be deemed

"निदेशक मंडल" कहा जाएगा, जिस अभिव्यक्ति में, इस संकल्प द्वारा प्रदत्त अधिकार सहित अपने अधिकारों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड द्वारा गठित की गयी या इसके आगे गठित की जाने वाली कोई समिति भी शामिल है) को दी जाती है कि (इश्यू के ऐसे हिस्से को पक्का आबंटन और / या प्रतिस्पर्धी आधार पर और कानून द्वारा यथा अनुमत व्यक्तियों की ऐसी श्रेणियों के लिए आरक्षित करने के प्रावधान सहित) प्रस्ताव के दस्तावेज / नियमावली अथवा ऐसे किसी अन्य दस्तावेज के जरिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्मित दिशानिर्देशों के अनुसार सतत् या शोध्य या अशोध्य, ऐसे अधिमान शेयरों के प्रत्येक वर्ग को, इस प्रकार के अधिमान शेयरों के प्रत्येक वर्ग को जारी किए जाने की सीमा को और उन शर्तो एवं निबंधनों जिनके अधीन अधिमान शेयरों के प्रत्येक वर्ग जारी किए जा सकते हैं तथा / या अन्य अनुमत प्रतिभूतियां जो ईक्विटी में परिवर्तित होने में सक्षम हैं या नहीं, जिनकी **कुल राशि ₹2500.00 करोड़ से अधिक न हो (रुपये दो हजार पांच सौ करोड़ मात्र),** ऐसे प्रीमियम को सम्मिलित करने सहित, जो ईक्विटी शेयरों पर ऐसे अवसर या समय पर तय किए जा सकते हैं, जैसे कि कीमत या कीमतों में, छूट पर या किसी संशोधन (यदि कोई हो) के अनुसार प्राधिकृत पूंजी की संवर्धित मात्रा तक जिसे भविष्य में इस प्रकार अधिनियमित किया जा सकता है कि केन्द्र सरकार के पास हमेशा बैंक की चुकता ईक्विटी पूंजी 52% से कम नहीं होगी, जिसमें एक या अधिक शेयरधारक, ईएसपीएस के माध्यम से बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों **("एनआरआई")**, कंपनियों, निजी या सार्वजनिक, निवेश संस्थाओं, सोसाइटियों, न्यासों, अनुसंधान संगठनों, अर्ह संस्थागत खरीदारों **("क्यूआईबी")** जैसे विदेशी संस्थागत निवेशकों **("एफआईआई"),** बैंक, वित्तीय संस्थाएं, भारतीय म्यूच्युअल फंड, वेंचर कैपिटल फंड, विदेशी वेंचर कैपिटल निवेशकों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों, पेन्शन फंडों, विकास वित्तीय संस्थाओं या अन्य इकाइयों, प्राधिकरणों अथवा मौजूदा विनियमों / दिशानिदेर्शो के अनुसार बैंक के ईक्विटी / अधिमानी शेयरों / प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए प्राधिकृत किसी अन्य श्रेणी के निवेशकर्ताओं या बैंक द्वारा यथा उचित समझे गए तरीके से इनमें से किसी का मिश्रण हो, बाजार मूल्य पर बट्टा या प्रीमीयम सहित होगी।"

"आगे संकल्प लिया जाता है कि ऐसे इश्यू, प्रस्ताव या आबंटन, अतिरिक्त आबंटन के विकल्प सहित या रहित सार्वजनिक इश्यू, साधिकार इश्यू, निजी प्लेसमेंट / अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी) या भारत सरकार / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित कोई अन्य तरीके के जरिए होगा और ऐसा प्रस्ताव, इश्यू, प्लेसमेंट और आबंटन, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण)

to include any Committee which the Board may have constituted or hereafter constitute to exercise its powers including the powers conferred by this Resolution) to create, offer, issue and allot (including with provision for reservation on firm allotment and/or competitive basis of such part of issue and for such categories of persons as may be permitted by the law then applicable) by way of an offer document / prospectus or such other document, in India or abroad, such number of equity shares and/ or preference shares (whether cumulative or not; convertible into equity shares or not) in accordance with the guidelines framed by RBI from time to time, specifying the class of preference shares, the extent of issue of each class of such preference shares, whether perpetual or redeemable, the terms & conditions subject to which each class of preference shares may be issued and / or other permitted securities which are capable of being converted into equity or not, **for an aggregate amount not exceeding ₹2500.00 Crore (Rupees Two Thousand Five Hundred Crore only),** inclusive of such premium as may be fixed on the Equity Shares at such time or times, at such price or prices, at a discount or premium to market price or prices in one or more tranches in such a way that the Central Government shall at all times hold not less than 52% of the paid-up Equity capital of the Bank, including to one or more of the shareholders, employees of the Bank by way of ESPS, Indian nationals, Non-Resident Indians **("NRIs"),** Companies, private or public, investment institutions, Societies, Trusts, Research organisations, Qualified Institutional Buyers **("QIBs")** like Foreign Institutional Investors **("FIIs"),** Banks, Financial Institutions, Indian Mutual Funds, Venture Capital Funds, Foreign Venture Capital Investors, State Industrial Development Corporations, Insurance Companies, Provident Funds, Pension Funds, Development Financial Institutions or other entities, authorities or any other category of investors which are authorized to invest in equity /preference shares / securities of the Bank as per extant regulations / guidelines or any combination of the above as may be deemed appropriate by the Bank."

"RESOLVED FURTHER THAT such issue, offer or allotment shall be by way of Follow on public issue, rights issue, Private Placement / Qualified Institutional Placement (QIP) / or any other mode approved by GOI/RBI with or without over-allotment option and that such offer, issue, placement and allotment be made as per the provisions of the Banking Companies (Acquisition and Transfer

अधिनियम 1970 के प्रावधानों, सेबी (पूँजी निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली 2018 **("आईसीडीआर विनियमावली")** एवं भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी और यथा लागू अन्य किसी प्राधिकरण द्वारा ऐसे अवसर या समय पर और ऐसे तरीके और ऐसी शर्तों पर किया जाए जो निदेशक मंडल अपने पूरे विवेकाधिकार के तहत उचित समझे।

"आगे संकल्प लिया जाता है कि जहां आवश्यक हो लीड प्रबंधक और/या हामीदार और अन्य सलाहकार से परामर्श करने के बाद या बोर्ड की ऐसी शर्तों व निबंधनों के अनुसार आईसीडीआर विनियमावली, अन्य नियमावली की शर्तों के अनुसार और अन्य सभी लागू कानून, नियम, विनियमावली और दिशानिर्देश के अधीन ऐसे निवेशक जो बैंक के विद्यमान शेयरधारक हो या न हो के लिए अपने संपूर्ण विवेक से मूल्य निर्धारित करने के बारे में निर्णय लेने का अधिकार बोर्ड का होगा जो आई सी डी आर नियमावली के संबद्ध प्रावधानों के अनुसार यथा निर्धारित मूल्य से कम मूल्य न हो।''

"आगे संकल्प लिया जाता है कि तत्संबंधी सेबी (सूचीकरण दायित्व व प्रकटन आवश्यकता) विनियमन, 2015 के प्रावधानों के अनुसार, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के प्रावधानों, केनरा बैंक (शेयर और बैठकें) विनियमावली 2000 के प्रावधानों, आई सी डी आर नियमावली के प्रावधानों, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 व विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत के बाहर निवास करने वाले व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का अंतरण या निर्गम) विनियमावली 2017 के प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंजों, भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई), विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी), औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी) एवं इस संबंध में यथा अपेक्षित अन्य सभी प्राधिकारी (जिन्हें इसके बाद से सामूहिक रूप से "समुचित प्राधिकारी" कहा जाएगा) के अपेक्षित अनुमोदन, सहमति, अनुमति और / या मंजूरियों के अधीन एवं इनमें से किसी के भी द्वारा किसी भी ऐसे अनुमोदन, सहमति, अनुमति और / या मंजूरी (जिसे इसके बाद "अपेक्षित अनुमोदन" कहा जाएगा) आदि प्रदान करते समय इनमें से किसी के भी द्वारा इस प्रकार की निर्धारित शर्तों के अधीन बोर्ड अपने संपूर्ण विवेकाधिकार के तहत एक या अधिक अंशों में, समय-समय पर अधिपत्रों (वारंटों) को छोड़कर ईक्विटी शेयर या अन्य प्रतिभूतियां जो बाद की तिथि में ईक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय या इसके साथ विनिमय योग्य हो, इस प्रकार जारी, प्रस्तुत या आबंटित कर सकता है कि पात्र संस्थागत नियोजन

of Undertakings) Act, 1970, the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 **("ICDR Regulations")** and all other guidelines issued by the RBI, SEBI and any other authority as applicable, and at such time or times in such manner and on such terms and conditions as the Board may, in its absolute discretion, think fit.

"RESOLVED FURTHER THAT the Board shall have the authority to decide, at such price or prices in such manner and where necessary, in consultation with the lead managers and / or underwriters and / or other advisors or otherwise on such terms and conditions as the Board may, in its absolute discretion, decide in terms of ICDR Regulations, other regulations and any and all other applicable laws, rules, regulations and guidelines, whether or not such investor(s) are existing shareholders of the Bank, at a price not less than the price as determined in accordance with relevant provisions of ICDR Regulations."

"RESOLVED FURTHER THAT in accordance with the provisions of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, the provisions of Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, the provisions of the Canara Bank (Shares and Meetings) Regulations, 2000, the provisions of ICDR Regulations, the provisions of the Foreign Exchange Management Act, 1999 and the Foreign Exchange Management (Transfer or Issue of Security by a Person Resident Outside India) Regulations, 2017, and subject to requisite approvals, consents, permissions and / or sanctions of Securities and Exchange Board of India (SEBI), Stock Exchanges, Reserve Bank of India (RBI), Foreign Investment Promotion Board (FIPB), Department of Industrial Policy and Promotion, Ministry of Commerce (DIPP) and all other authorities as may be required (hereinafter collectively referred to as "the Appropriate Authorities") and subject to such conditions as may be prescribed by any of them while granting any such approval, consent, permission, and / or sanction (hereinafter referred to as "the requisite approvals") the Board, may at its absolute discretion, issue, offer and allot, from time to time in one or more tranches, equity shares or any securities other than warrants, which are convertible into or exchangeable with equity shares at a later date, in such a way that the Central Government at any time holds not less than 52% of the Equity Capital

के अनुसरण में (जैसा कि आईसीडीआर विनियमावली के अध्याय VI में परिभाषित है) स्थान **नियोजन दस्तावेज और / या ऐसे अन्य दस्तावेजों / प्रलेखों / परिपत्रों / ज़ापनों के माध्यम से** और इस तरीके से और इस प्रकार मूल्य, शर्तों और निबंधनों जैसा कि उस समय प्रचलित आईसीडीआर विनियमावली या कानूनों के किन्हीं प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया गया हो, पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईपी) (जैसा कि आईसीडीआर विनियमावली के अध्याय VI में परिभाषित है) की तुलना में केंद्र सरकार किसी भी समय बैंक की ईक्विटी पूँजी का 52% से कम धारित न करता हो।''

"आगे संकल्प लिया जाता है कि पात्र संस्थागत स्थान नियोजन के मामले में, आईसीडीआर विनियमावली के अध्याय VI के अनुसरण में

क) पात्र संस्थागत खरीदारों को ही प्रतिभूतियों का आबंटन होगा जो आईसीडीआर विनियमावली के अध्याय VI के आशय के दायरे में होगा और इस प्रकार की प्रतिभूतियां पूर्णतः प्रदत्त होगीं और इस संकल्प की तिथि से 365 दिनों के भीतर इस प्रकार की प्रतिभूतियों का आबंटन पूरा कर लिया जाएगा।

ख) बैंक आईसीडीआर विनियमावली के विनियम 176(1) के प्रावधानों के अनुसार आधार मूल्य से कम मूल्य पर, जो पाँच प्रतिशत से अधिक न हो, पर शेयर आबंटित करने के लिए प्राधिकृत है।

ग) प्रतिभूतियों के न्यूनतम मूल्य निर्धारण की संबंधित तिथि आईसीडीआर विनियमावली के अनुसार होगी।

"आगे संकल्प लिया जाता है कि अपना अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं मंजूरी प्रदान करते समय और निदेशक मंडल द्वारा यथा सहमत हुए अनुसार, भारत सरकार / भारतीय रिज़र्व बैंक / सेबी / स्टॉक एक्सचेंज जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या अन्य समुचित प्राधिकरण द्वारा प्रस्ताव में अपेक्षित या लगाए गए किसी संशोधन को स्वीकार करने का निदेशक मंडल को प्राधिकार होगा।"

"आगे संकल्प लिया जाता है कि अनिवासी भारतीयों / विदेशी संस्थागत निवेशकों और / या अन्य पात्र विदेशी निवेशकों को नए ईक्विटी शेयर / अधिमानी शेयर / प्रतिभूतियों को जारी और आबंटित करना, यदि कोई हो, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम 1999 के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के अधीन होगा जैसा कि लागू हो, किंतु अधिनियम के तहत निर्धारित समग्र सीमा के अंदर होगा।''

  - ✓ Credit / Debit / Pre-paid Card management through Net Banking and Mobile Banking platform
  - ✓ Limit Management for Debit / Credit / Pre-paid Cards for POS / ATM / E-commerce transactions

- ✓ क्रेडिट / डेबिट / प्रीपेड कार्ड के उपयोग को चालू / बंद करना
- ✓ क्रेडिट / डेबिट कार्ड के एन एफ सी विशेषताओं को चालू/ बंद करना
- ✓ कार्ड को अस्थायी या स्थायी रूप से ब्लॉक करना
- ✓ कार्ड के अंतर्राष्ट्रीय उपयोग को चालू / बंद करना
- ✓ मोबाइल और नेट बैंकिंग के माध्यम से कार्ड पिन का सृजन
- ✓ डिजिटल कैलेंडर - बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए वेबसाइट, मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल कैलेंडर को एकीकृत किया है। यह कैलेंडर विशिष्ट राज्य / क्षेत्र के लिए छुट्टियों की सूची प्रदान करता है।

➢ **इन–ऐप अधिसूचना**

- ✓ अब ग्राहक मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के माध्यम से विभिन्न सूचनाओं के बारे में अधिसूचना प्राप्त कर सकते हैं।
- ✓ इन–ऐप अधिसूचना सुविधाओं के माध्यम से संवर्धन संदेश वितरित किए जा सकते हैं।
- ✓ इस सुविधा के माध्यम से डेबिट/क्रेडिट संदेश भी दिए जा सकते हैं।

➢ **बीएमटीसी यूपीआई क्यूआर स्कैन पे** - यह सुविधा बैंगलोर शहर में चलने वाली बीएमटीसी बसों के लिए उपलब्ध कराई गई है। इस सुविधा का उपयोग करके ग्राहक यूपीआई आधारित प्रणाली के माध्यम से बस किराये का भुगतान कर सकते हैं।

➢ **एपी–जीएसडब्ल्यूएस** (ग्राम सचिवालय वार्ड सचिवालय) 30 सरकारी बिल का भुगतान

- ✓ यह सेवा विशेष रूप से आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के लिए यूपीआई आधारित गतिशील क्यूआर सुविधा का उपयोग करके लागू की गई है।
- ✓ इन सेवाओं का उपयोग करके ग्राहक 30 सरकारी विभाग के बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

➢ **एटीएम के माध्यम से कार्ड रहित नकद आहरण** - ग्राहकों को केनरा बैंक के सभी एटीएम में किसी भी कार्ड का उपयोग किए बिना नकद आहरण की सुविधा प्रदान करता है। जब ग्राहक सुरक्षित अधिप्रमाणन प्रणाली का उपयोग करते हुए कार्ड रहित आहरण के लिए मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म में अनुरोध करता है, तो बिना किसी कार्ड का उपयोग किए केनरा बैंक के एटीएम से नकद का आहरण किया जा सकता है।

- ✓ Switching on / off the usage of Credit / Debit / Pre-paid Card
- ✓ Switching on / off NFC features for Credit / Debit Card
- ✓ Temporary or permanent blocking of card
- ✓ Switching On / Off the International usage of the card
- ✓ Generation of Card PIN through Mobile and Net Banking
- ✓ Digital Calendar - Bank has integrated Digital Calendar for its customers through Website, Mobile Banking and Internet Banking Platforms. This calendar provides List of Holidays for specific state / territory.

➢ **In-app Notification**

- ✓ Now the Customers can get notification about various information through Mobile Banking Application.
- ✓ Promotional messages can be delivered through In-App Notification features.
- ✓ Debit / Credit Messages can also be delivered through this facility.

➢ **BMTC UPI QR Scan Pay** - This facility has been made available for BMTC buses running in Bangalore City. Using this facility customers can pay for Bus fares through UPI based system.

➢ **AP-GSWS** (Gram Sachivalaya Ward Sachivalaya) 30 Govt bill payment

- ✓ This service is specifically implemented for Andhra Pradesh State Government using UPI based dynamic QR facility.
- ✓ Using these services 30 Government Department Bills can be paid by the customers.

➢ **Cardless cash withdrawal through ATM** facilitating Customers to withdraw Cash without using any card in all ATMs of Canara Bank. When customer makes a request in Mobile Banking platform for cardless withdrawal, using the secured authentication mechanism, the cash can be withdrawn at Canara Bank ATMs without using any Card.

- **केनरा वीडियो केवाईसी**

- केनरा बैंक ने आधार आधारित अधिप्रमाणन का उपयोग करके ऑनलाइन खाता खोलने की प्रक्रिया के लिए ''केनरा दीया'' कार्य-पद्धति लागू की है। दीया के माध्यम से खोला गया खाता गैर-सीडीडी (ग्राहक समुचित सावधानी) है। ग्राहकों के खाते को केवाईसी मानदंडों का पूरी तरह से अनुपालन कराने के लिए, बैंक ने वीडियो केवाईसी सुविधा शुरू की है।

- ऑनलाइन डेबिट कार्ड अनुरोध, ग्राहकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वैयक्तिक डेबिट कार्ड अनुरोध के लिए अनुरोध करने की सुविधा प्रदान करता है।

- मार्केटिंग अधिकारी टैब (टीएबी) बैंकिंग के माध्यम से तत्काल खाते खोलने के लिए ग्राहक के घर / कार्यालय पते पर जा सकते हैं।

- **पैन और संप्रेषण पते का ऑनलाइन अद्यतन**: ग्राहकों को इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से अपने पैन / संप्रेषण पते को अद्यतन करने की सुविधा प्रदान करना। सफल अद्यतनीकरण से पहले, सिस्टम जारीकर्ता प्राधिकारी के साथ ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए विवरण का सत्यापन और मिलान करता है।

- नई सेवाओं को बैंक के टैब आधारित वित्तीय समावेशन समाधान में जोड़ा गया है जैसे - चेक की स्थिति संबंधी पूछताछ, चेक का भुगतान रोकना, पीपीएफ मॉड्यूल, सुकन्या समृद्धि योजना, पास बुक अद्यतनीकरण, ई–केवाईसी खाता खोलना, आईएमपीएस लेनदेन और ऋण विप्रेषण कार्यक्षमता।

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली

हमारे बैंक ने विभिन्न बैंकिंग परिचालनों को डिजिटल बनाने के लिए दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) परियोजना शुरू की है। डीएमएस में दस्तावेजों का डिजिटलीकरण शामिल हैं, जिसमें कार्य–प्रवाह स्वचालन, केंद्रीकृत भंडारण, वस्तु प्रबंधन प्रणाली और दस्तावेजों की सुरक्षित पहुंच, भौतिक भंडारण प्रबंधन का समाधान आदि आते हैं।

डीएमएस, कार्य–प्रवाह स्वचालन के साथ, डिजिटल फाइलों के निर्माण, भंडारण, अनुक्रमण और पुनर्प्राप्ति से संबंधित विभिन्न पहलुओं का समाधान करता है। डीएमएस के प्रमुख लाभ हैं - दस्तावेज़ों का केंद्रीकरण और प्रबंधन, बढ़ी हुई परिचालन क्षमता, कम भौतिक भंडारण स्थान, बढ़ी हुई सुरक्षा, हरित पहल और कम कागज़ का उपयोग।

- **Canara Video KYC**

- Canara Bank has implemented Canara DiYA functionality for online account opening process using Aadhaar based authentication. The account opened through Diya is non-CDD (Customer Due Diligence) To make the account of customers fully complied with KYC norms, Bank has launched Video KYC facility.

- Online Debit Card Request facilitating Customers to place the request for Personalized debit card request through online portal.

- Marketing officers can visit Customers' Home / office address to open instant accounts through TAB Banking.

- **Online update of PAN & Communication Address:** Facilitating customers to update their PAN / Communication Address via Internet and Mobile Banking. Prior to successful updation, the system verifies and matches the details provided by customer with the issuing authority.

- The new services have been added in Bank's Tab based Financial Inclusion Solution like Cheque Status Enquiry, Stop Payment of cheque, PPF module, Sukanya Samridhi Yojana, Pass Book Updation, E-KYC Account opening, IMPS transactions and Loan Remittance functionality.

Document Management System

Our Bank has embarked upon the Document Management System (DMS) project to digitalize the various Banking operations. DMS includes digitalization of documents including work-low automation, centralized storage, Content Management system and secure accessing of documents, solution to physical storage management etc.

DMS, with work-flow automation, provides solution to various facets related to creation, storage, indexing and retrieving of digital files. Key benefits of DMS are Centralization and Management of Documents, Increased Operational Efficiency, Reduced physical Storage Space, Enhanced Security, Go green initiative and reduced paper usage.

वित्तीय समावेशन

वित्तीय समावेशन अभियान के तहत बैंक वित्तीय उत्पादों और सेवाओं को विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से बहिष्कृत और अपेक्षित वर्गों को उपलब्ध कराता है। भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक वित्तीय समावेशन के प्रयासों को प्रमुख हस्तक्षेपों के साथ सक्रिय रहा है, जिसमें प्रौद्योगिकी का व्यापक और गहन उपयोग और वित्तीय साक्षरता की वकालत के माध्यम से बैंकिंग संरचना का विस्तार करना, समुचित वित्तीय उत्पादों की पेशकश करना आदि शामिल है।

- ✓ बैंक में शाखा मॉडल के तहत 1123 वित्तीय समावेशन (एफआई) शाखाएं हैं और कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के तहत 9129 कारोबार प्रतिनिधि एजेंट (बीसीए) भी लगे हुए हैं।
- ✓ बैंक ने बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आर आर बी) द्वारा एफएलसी का प्रचार करने के साथ-साथ बैंक के वित्तीय साक्षारता केंद्रों (एफएलसी) के मामलों का ध्यान रखने के लिए 'केनरा वित्तीय परामर्श न्यास' का गठन किया है । बैंक के देशभर में विभिन्न जिलों और ब्लॉकों में 152 एफएलसी हैं जिनका प्रबंधन परामर्शदाताओं (सेवानिवृत्त बैंकर) द्वारा किया जाता है।
- ✓ बैंक ने पीएमजेडीवाई के तहत 138.47 लाख खाते खोले हैं।
- ✓ 1123 ब्रिक एंड मोर्टार शाखाएं खोलकर और शेष स्थानों में 5267 कारोबार प्रतिनिधि एजेंटों (बैंक मित्रा) को लगा कर 3371 शहरी वार्डों और 3962 आबंटित एसएसए के साथ आबंटित सभी 10049 गांवों को वित्तीय समावेशन के तहत लाया गया है।
- ✓ भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत वर्ष के दौरान पीएमजेजेबीवाई व पीएमएसबीवाई के तहत निम्नवत नामाकंन किए गए।

यथा मार्च 2021 तक नवीकरण के साथ योजना में नामांकन

(लाख में)

नवीकरण के साथ योजना में नामांकन	यथा मार्च 2021 तक
प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)	53.00
प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)	144.17
अटल पेंशन योजना (एपीवाई)	24.63

FINANCIAL INCLUSION

As a part of financial inclusion drive, the Bank makes its products and services available to financially excluded and marginalized sections of the society. As per the Government of India and the Reserve Bank of India directions, the Bank has been proactive in financial inclusion efforts, with key interventions, viz., expanding banking infrastructure, offering appropriate financial products, making extensive & intensive use of technology and advocacy of financial literacy.

- ✓ The Bank has 1123 Financial Inclusion (FI) Branches under branch model and also engaged 9129 Business Correspondent Agents (BCAs) under Business Correspondents (BC) model.
- ✓ Bank formed 'Canara Financial Advisory Trust' to take care of the affairs of the Financial Literacy Centres (FLCs) of the Bank as well as the FLCs promoted by the Regional Rural Banks (RRBs) sponsored by the Bank. The Bank has 152 FLCs in districts & blocks level across the country, managed by the Counsellors (retired bankers).
- ✓ Bank opened 138.47 lakh accounts under PMJDY.
- ✓ Covered all allotted 10049 villages comprising of 3962 allotted SSAs and 3371 Urban wards by opening of 1123 brick & mortar branches and engaging 5267 Business Correspondent Agents (Bank Mitras) at remaining locations.
- ✓ Under social security schemes launched by the Government of India during the year, following enrolments have been made under PMJJBY & PMSBY.

Scheme Enrolments including Renewals as at March 2021

(In Lakhs)

Scheme Enrolments including Renewal	As at March 2021
Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY)	53.00
Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY)	144.17
Atal Pension Yojana (APY)	24.63

✓ सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 31 मार्च 2021 तक खातों की बकाया संख्या 104296 खाते हैं।

आधार नामांकन अद्यतनीकरण केंद्र

बैंक आधार नामांकन के लिए एक रजिस्ट्रार और नामांकन एजेंसी है। यूआईडीएआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक को बैंक शाखा परिसर के 10% पर एएसके स्थापित करने हैं । तदनुसार, बैंक ने 1494 एएसके स्थापित किए, जिसमें बैंक के लिए 1201 केंद्र और 4 प्रायोजित आरआरबी के लिए 293 केंद्र (केएजीबी 116, केजीबी 62, केवीजीबी 62 और एपीजीबी 53) शामिल हैं।

महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण अनुभाग, प्रधान कार्यालय सहित देश के 24 अंचल कार्यालयों और 176 क्षेत्रीय कार्यालयों में महिला उद्यमिता विकास केंद्र (सीईडीडब्ल्यू) महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अथक रूप से काम कर रहे हैं । ये महिला उद्यमिता विकास केंद्र संभावित उद्यमियों तक पहुंचकर, परामर्श प्रदान करते हैं, उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं का समर्थन करते हैं, वित्त प्रदान करते हैं और उनके लिए विपणन सुविधाओं की व्यवस्था करते हैं । महिला उद्यमिता विकास केंद्रों द्वारा 2020-21 के दौरान कुल 486 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अग्रणी बैंक जिम्मेदारी

31.03.2021 की स्थिति के अनुसार, हमारे बैंक को निम्नलिखित कार्य सौंपे गए हैं:

- दो राज्यों अर्थात् कर्नाटक और केरल में राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) की संयोजकता और लक्षद्वीप में केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर समिति (यूटीएलबीसी) संयोजकता।
- बैंक को 8 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 60 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है, अर्थात् आंध्र प्रदेश (5), बिहार (1), दिल्ली (3), हरियाणा (3), लक्षद्वीप (1), कर्नाटक (15), केरल (7), तमिलनाडु (7), तेलंगाना (4) और उत्तर प्रदेश (14) बैंक के 14 अंचलों के अंतर्गत आते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन और कारोबार

बैंक की 4 विदेशी शाखाएं हैं, अर्थात् लंदन (यू.के), हांग कांग, न्यूयॉर्क (यू.एस.ए) और दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी), और दुबई (यूएई) । उपरोक्त 4 विदेशी शाखाओं के अलावा, बैंक का शारजाह (यूएई) में एक प्रतिनिधि कार्यालय, केनरा बैंक (तंज़ानिया) लि., तंजानिया में दार-एस सलाम की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी और वाणिज्यिक इंडो बैंक एलएलसी, भारतीय स्टेट बैंक के साथ मॉस्को, रूस में एक संयुक्त उद्यम है।

✓ Under Sukanya Samriddhi Yojana, the outstanding number of accounts as on 31st March 2021 is 104296 accounts.

AADHAAR Enrolments Updation Centres

The Bank is a Registrar and Enrolment Agency for Aadhaar Enrolment. As per UIDAI guidelines, the Bank have to establish ASKs at 10% of the Bank branch premises. Accordingly, Bank has established 1494 ASKs, comprising of 1201 centres for the Bank and 293 centres for the 4 sponsored RRBs (KAGB 116, KGB 62, KVGB 62 & APGB 53).

Empowering Women

Women Empowerment Section at Head office and Centre for Entrepreneurship Development for Women (CEDW) at 24 Circle Offices and 176 Regional offices across the country are working relentlessly towards economic empowerment of women. These CEDWs have reached potential entrepreneurs, undertaken counselling, supported their training needs, provided finance and arranged marketing facilities. A total of 486 Programmes were organized by the CEDWs during FY 2020-21.

Lead Bank Responsibility

As on 31.03.2021, Our Bank has been assigned with:

- State Level Banker's Committee (SLBC) Convenorship in two states i.e. Karnataka and Kerala and Union Territory Level Banker's Committee (UTLBC) Convenorship in Lakshadweep.
- Lead Bank responsibility in 60 districts across 8 states and 2 Union Territories viz. Andhra Pradesh (5), Bihar (1), Delhi (3), Haryana (3), Lakshadweep (1), Karnataka (15), Kerala (7), Tamil Nadu (7), Telangana (4) & Uttar Pradesh (14) comes under 14 Circles of the Bank.

INTERNATIONAL OPERATIONS AND BUSINESS

The Bank has 4 overseas branches, viz., London (U.K), Hong Kong, New York (U.S.A) and Dubai International Financial Centre (DIFC), Dubai (UAE). Besides the above 4 overseas branches, the Bank has a Representative Office at Sharjah (UAE), Canara Bank (Tanzania) Ltd., a Wholly Owned Subsidiary at Dar-es Salaam in Tanzania and Commercial Indo Bank LLC, a Joint Venture with State Bank of India in Moscow, Russia.

वित्त वर्ष 2021 के अंत तक ₹47,569 करोड़ की जमा और ₹22,597 करोड़ के अग्रिम सहित विदेशी शाखाओं का कुल कारोबार ₹70,166 करोड़ है । विदेशी व्यापार, बैंक के कुल कारोबार का 4.16% है । विदेशी शाखाओं के युक्तिकरण योजना के अनुसार बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान दक्षिण अफ्रीका के जोहान्नसबर्ग शाखा को बंद किया । वित्त वर्ष के दौरान, बैंक ने सीआईबीएल में अपनी हिस्सेदारी एसबीआई, बहुलांश हिस्सेदारी धारक को बेचने और हांग कांग में अपने परिचालन को बंद करने का निर्णय लिया है।

आस्ति गुणवत्ता

मार्च 2021 तक बैंक का सकल एनपीए 8.93% (₹60288 करोड़) और निवल एनपीए 3.82% (₹24442 करोड़) है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बट्टे खाते में डाले गए खातों में वसूली सहित संचयी नकद वसूली ₹10918 करोड़ थी। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए उन्नयन ₹2407 करोड़ था। मार्च 2021 तक प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 79.68% है। वर्ष के दौरान स्लिपेज को ₹17885 करोड़ तक सीमित किया गया है।

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, ₹1021.63 करोड़ की राशि की 1596 संपत्तियों को बेचा गया था और कुल ₹826.76 करोड़ की राशि के 2927 खातों का निपटान / बंद / उन्नयन करके सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई थी। बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 1152 वसूली बैठक का आयोजन किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹4501 करोड़ की वसूली हुई। वित्त वर्ष 2020-21 में, 212023 मामलों का निपटान किया गया, जिसमें ₹7730 करोड़ की ओटीएस राशि शामिल थी। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 11030 मामले लोक अदालत को भेजे गये, जिनमें से 2264 मामलों का निपटान किया गया, जिसकी कुल राशि ₹31.13 करोड़ रुपये रही। बैंक ने खातों को एनपीए में स्लीपेज से रोकने के लिए और अतिदेय ऋण खातों से वसूली में बढ़ोत्तरी लाने के लिए कई पहल की। इनमें, एकबारगी निपटान (ओटीएस) के लिए शाखा स्तर पर केन अदालतों का संचालन, क्षेत्रीय स्तर पर क्लस्टर अदालत और अंचल स्तर पर मेगा अदालत, जिला स्तर पर लोक अदालतें, कॉल सेंटर के माध्यम से ऋण खातों में अतिदेय का नियमित अनुवर्तन, जब्त संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी और इरादतन चूककर्ताओं के खिलाफ सख्त वसूली उपाय करना, आदि शामिल हैं। यथा मार्च 2021 तक ₹11272 करोड़ की बकाया राशि के साथ 971 इरादतन चूककर्ता रहें।

बैंक ने 31.03.2021 की स्थिति में एनसीएलटी में हमारे दावे को दर्ज करके 390 मामलों के संबंध में समाधान प्रक्रिया शुरू की है और वर्ष 2021-22 के दौरान समाधान के माध्यम से पर्याप्त वसूली

Total business of the overseas branches aggregated to ₹70,166 crore comprising of Deposits of ₹47,569 crore and Advances of ₹22,597 crore as at the end of the financial year 2021. Overseas Business constituted 4.16% of the Bank's global business. As per the rationalisation plan for overseas branches, Bank has closed Johannesburg Branch in South Africa during the Financial Year. During the Financial Year, Bank has decided to divest its stake in CIBL to SBI, the majority stake holder and close its operations in Hong Kong.

ASSET QUALITY

Gross NPA of the Bank is at 8.93% (₹60288 crore) and Net NPA is at 3.82% (₹24442 crore) as at March 2021. The cumulative Cash Recovery including Recovery in written off accounts during FY 2020-21 was at ₹10918 crore. Upgradation for FY 2020-21 was at ₹2407 crore. Provision Coverage Ratio (PCR) is at 79.68% as at March 2021. Slippage has been contained during the year to ₹17885 crore.

During FY 2020-21, 1596 properties were sold amounting ₹1021.63 crore and 2927 accounts were settled / closed / upgraded amounting ₹826.76 crore on account of initiating actions under the SARFAESI Act. The Bank conducted 1152 Recovery Meets during FY 2020-21 that has resulted in recovery of ₹4501 crore. In FY 2020-21, 212023 cases were settled, covering an OTS amount of ₹7730 crore. In FY 2020-21, 11030 cases were referred to Lok Adalat, out of which, 2264 cases were settled, covering an amount of ₹31.13 crore. Besides, the Bank took several initiatives to contain slippages and speed up recovery from overdue loan accounts. These include, conduct of Can Adalats at branch level, cluster adalats at Regional level and mega adalats at Circle level for one time settlements (OTS), Lok Adalats at district level, regular follow-up of overdue in loan accounts through Call Centre, conduct of e-auctions for sale of seized assets and initiation of stringent recovery measures against Wilful Defaulters. As on March 2021, there were 971 wilful defaulters with an outstanding amount of ₹11272 crore.

The Bank has initiated resolution process in respect of 390 Cases by referring to NCLT / filing our claim as at 31.03.2021 and is expecting substantial recovery through

की उम्मीद है । वित्तीय वर्ष 2020-21 में एनसीएलटी में दर्ज खातों में से ₹2360.94 करोड़ की वसूली की गई। बैंक ने कृषि एनपीए, शिक्षा ऋण, ट्रैक्टर ऋण तथा अन्य फार्म प्रणाली आदि में लघु मूल्य वाले एनपीए के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाओं को रूपायित किया।

मार्च 2021 की स्थिति में, बैंक का बकाया दबावग्रस्त आस्ति संविभाग (पुनर्रचित मानक खाते सहित) ₹66887 करोड रहा जो सकल अग्रिमों का 9.91% है।

जोखिम प्रबंधन

बेसल III पूंजी पर्याप्तता ढांचा और भावी रणनीतियाँ

प्रधान कार्यालय में बैंक में विभिन्न जोखिम प्रबंधन पहल के समग्र कार्यान्वयन के लिए स्वतंत्र रूप से नोडल केन्द्र के रूप में जोखिम प्रबंधन विभाग कार्य कर रहा है । जोखिम प्रबंधन अनुभाग बैंक के सभी 24 अंचल कार्यालयों में जोखिम प्रबंधन विभाग की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य कर रहे हैं। बैंक के पास सभी भौगोलिक क्षेत्रों में और सभी जोखिमों में जोखिम प्रबंधन नीतियां हैं, जिसमें जोखिम के पूरे पहलू को शामिल किया गया है। इनमें ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालन जोखिम प्रबंधन, बाज़ार जोखिम प्रबंधन, आस्ति देयता प्रबंधन और समूह जोखिम प्रबंधन संबंधी नीतियां शामिल हैं। बैंक ने एसआरईपी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए बेसल III मानदंडों के स्तंभ 2 के तहत एक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया, (आईसीएएपी) स्थापित की है। आईसीएएपी प्रक्रिया बैंक के घरेलू और विदेशी परिचालन, अनुषंगियां, संयुक्त उद्यम, प्रायोजित इकाइयां और सहयोगी संस्था को प्रावरित करती हैं। बैंक द्वारा सामना किए जाने वाले संभावित जोखिमों का पता लगाने के लिए बैंक द्वारा दबाव परीक्षण अभ्यास भी किया जाता है । बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति और निदेशक मंडल द्वारा आईसीएएपी प्रलेख की समीक्षा की जाती है और उसका अनुमोदित किया जाता है। पूंजी नियोजन प्रक्रिया के लिए बैंक की एक बोर्ड स्तरीय उप–समिति है। समिति व्यापार रणनीतियों के अनुरूप, बैंक की पूंजी आवश्यकताओं के साथ–साथ व्यापक आर्थिक परिदृश्यों को स्पष्ट करती है। समिति जोखिम भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) के लिए पूंजी के उचित स्तर का रखरखाव सुनिश्चित करती है और पूंजी जुटाने के लिए विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन करती है।

बेसल III के अंतर्गत उन्नत दृष्टिकोण अपनाना

ऋण, बाजार और परिचालन जोखिमों के लिए पूंजी की गणना के लिए बेसल III के तहत उन्नत दृष्टिकोण की ओर बढ़ने के प्रयास में, बैंक ने अपने और समूह संस्थाओं के लिए उद्यम-व्यापी एकीकृत जोखिम

resolution during FY 2021-22. In FY 2020-21, recoveries amounting to ₹2360.94 crore were done in NCLT referred accounts. The Bank has also formulated various special OTS Schemes for settlement of small value NPAs in agriculture NPA, Education loans, tractor loans and other farm mechanisation, etc.

As on March 2021, the outstanding stressed assets portfolio (including restructured standard accounts) of the Bank stood at ₹66887 crore, accounting for 9.91% of gross advances.

RISK MANAGEMENT

BASEL III Capital Adequacy Framework and Future Strategies

An independent Risk Management Wing at the Head Office is functioning as a nodal centre for overall implementation of various risk management initiatives across the Bank. Risk Management Sections are functioning at all 24 Circle Offices of the Bank as an extended arms of the Risk Management Wing. The Bank has in place risk management policies across geographies and across all risks encompassing the entire gamut of risk profile. These include policies on Credit Risk Management, Operational Risk Management, Market Risk Management, Asset Liability Management and Group Risk Management. The Bank has in place an Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) under Pillar 2 of Basel III norms complying with SREP guidelines. The ICAAP exercise covers the domestic and overseas operations of the Bank, Subsidiaries, Joint Ventures, Sponsored Entities and Associates. Stress testing exercise is also performed by the Bank to ascertain the potential risks faced by the Bank. The ICAAP document is reviewed and approved by the Risk Management Committee of the Board and the Board of Directors. The Bank has a Board Level Sub-Committee for Capital Planning Process. The Committee articulates macroeconomic scenarios vis-à-vis capital requirements of the Bank, in tune with business strategies. The Committee ensures maintenance of appropriate level of Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR) and evaluates various options for raising the capital.

Adoption of Advanced Approaches under Basel III

In an endeavour to move towards Advanced Approaches under Basel III for computation of capital for Credit, Market and Operational Risks, the Bank had engaged

प्रबंधन समाधान के कार्यान्वयन के लिए एक सलाहकार की सेवाएं ली थीं, ताकि अपेक्षित जोखिम प्रबंधन ढांचे का निर्माण किया जा सके। उद्यम–व्यापक एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढ़ांचे के कार्यान्वयन की पूर्वापेक्षा के रूप में बैंक ने जोखिम समाधान प्राप्त किया है जिससे कि वह उन्नत मापन दृष्टिकोण की अपेक्षाओं की पूर्ति कर सके । बैंक ने ऋण जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना के लिए आंतरिक रेटिंग आधारित (आईआरबी) दृष्टिकोण, बाजार जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना हेतु आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण और परिचालन जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना हेतु उन्नत मापन दृष्टिकोण अपनाने के लिए आरबीआई को आशय पत्र प्रस्तुत किए हैं।

बेसल III के लिए तैयारी

बेसल III पूंजी विनियमों पर अंतिम दिशानिर्देश 1 अप्रैल, 2013 से प्रभावी हो गए। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिदेशों के अनुसार, बेसल III पूँजी विनियमावली के पूर्ण कार्यान्वयन की परिवर्ती अवधि को 01.10.2021 तक बढा दिया गया है । दिनांक 01.10.2021 से भारत में स्थित बैंकों को 5.50% की न्यूनतम समान ईक्विटी टीयर 1 (सीईटी 1) पूँजी, 7.00% की टीयर 1 पूँजी, 9% की कुल पूँजी और 2.50% की पूँजी परिरक्षण बफर (सीसीबी) को बनाये रखने की आवश्यकता है। बैंकों को जोखिमपूर्ण पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए एक विश्वसनीय पूरक उपाय के रूप में 3.50% का न्यूनतम टीयर 1 लीवरेज अनुपात बनाए रखना है।

बैंक पर्याप्त रूप से पूंजीकृत रहने का प्रयास करता है। भारत सरकार से पुन: पूंजीकरण समर्थन सहित, बाजार से पूंजी जुटाने के लिए बैंक के पास पर्याप्त गुंजाइश है। आगे बढ़ते हुए, बैंक की पूंजी की अपेक्षा की पूर्ति, नयी ईक्विटी पूँजी लगाने, लाभ बरकरार रखने, कारोबार स्तरों का अनुकूलन और सक्रिय पूँजी योजना व प्रबंधन के ज़रिए की जाएगी।

ऋण जोखिम प्रबंधन

ऋण जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया बैंक में ऋण जोखिम प्रबंधन हेतु सिद्धांतों, मानकों और दृष्टिकोण की रूपरेखा तैयार करती है। ऋण जोखिमों को सक्रिय रूप से प्रबंध करने, संसाधनों को अनुकूलित करने और प्रतिकूल ऋण संबंधी स्थितियों के खिलाफ बैंक की रक्षा करने के लिए सिस्टम, प्रक्रियाएं, नियंत्रण और उपाय मौजूद हैं। ऋण जोखिम के मुद्दों और विचारों को व्यापक रूप से निपटाने के लिए बैंक ने एक व्यापक ऋण जोखिम प्रबंधन नीति बनाई है। उधारकर्ताओं की आंतरिक रेटिंग (आंतरिक रूप से विकसित मॉडलों पर) और ऋण प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली है जिसमें ऋण सीमा राशि की मंजूरी के लिए ऋण प्रस्ताव की व्यवहार्यता और आवेदक की

the services of a Consultant for implementation of Enterprise-wide Integrated Risk Management solution for itself and the Group Entities, so as to build requisite risk management framework. As a pre-requisite for the implementation of Enterprise wide Integrated Risk Management architecture, the Bank has procured a Risk Solution that would enable it to meet requirements of Advanced Measurement Approaches. The Bank has submitted Letters of Intent to RBI for adoption of Internal Rating Based (IRB) Approach for calculation of capital charge for Credit Risk, Internal Models Approach for calculation of capital charge for Market Risk and Advanced Measurement Approach for calculation of capital charge for Operational Risk.

Preparedness for Basel III

The final guidelines on Basel III Capital Regulations became effective from 1st April, 2013. As per RBI guidelines, the transitional period for full implementation of Basel III Capital regulations are extended up to 01.10.2021. The banks in India need to maintain a minimum Common Equity Tier 1 (CET1) capital of 5.50%, Tier 1 capital of 7.00%, total capital of 9.00% and Capital Conservation Buffer (CCB) of 2.50% from 01.10.2021 onwards. The banks also have to maintain a minimum Tier 1 Leverage Ratio of 3.50% as a credible supplementary measure to the risk based capital requirements. The Bank endeavors to remain adequately capitalized. The Bank has adequate headroom to raise capital from the market, including recapitalization support from the Government of India. Going forward, the Bank's capital requirement shall be met by injecting fresh equity capital, retention of profits, optimization of business levels, proactive capital planning and management.

Credit Risk Management

The Credit Risk management process outlines the principles, standards and approach for credit risk management at the Bank. Systems, procedures, controls and measures are in place to actively manage the credit risks, optimize resources and protect the Bank against adverse credit situations. In order to comprehensively address the issues and concerns of the Credit Risk, the Bank has put in place a comprehensive Credit Risk Management Policy. A robust system for Internal rating (on internally developed models) of the borrowers, appraisal of loan / credit proposals, including seeking adequate information for appraising the viability of the proposal and creditworthiness of the applicant for

साख योग्यता का मूल्यांकन करने हेतु पर्याप्त जानकारी प्राप्त करना, सुपरिभाषित ऋण मंजूरी प्रक्रिया और प्राधिकरण मैट्रिक्स, संपार्श्विक प्रबंधन के लिए मानकों, ऋण निगरानी, अग्रिमों, एमएसएमई और ऑफ बैलेंस शीट एक्स्पोज़र की पुनर्संरचना आदि का पालन किया जाता है । जोखिम स्वीकृति, जोखिम मापन, विवेकपूर्ण एक्सपोजर मानदंड, संगठनात्मक संरचना, रणनीतियां और परिचालन प्रक्रिया लागू हैं। संविभाग स्तर पर ऋण जोखिम और जोखिम संकेन्द्रण के मुद्दे का समाधान करने के लिए नीति विभिन्न जोखिम सीमाओं को निर्धारित करती है। आस्तियों पर प्रतिलाभ तथा निवल ब्याज मार्जिन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आय सृजन हेतु उधारकर्ता के जोखिम प्रोफाइल के अनुरूप जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण किया जाता है।

उधार खातों के समग्र प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन करने और ऋण प्रशासन, निगरानी और ऋण लेखा–परीक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए बैंक के पास एक ऋण समीक्षा तंत्र है। ऋण समीक्षा और निगरानी की पूरी प्रक्रिया को ऋण प्रशासन और निगरानी विभाग द्वारा विधिवत प्रशासित किया जाता है।

बाज़ार जोखिम प्रबंधन

बैंक के बाज़ार जोखिम ढ़ांचे का उद्देश्य, सभी प्रकार के बाज़ार जोखिम हानि की घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करना तथा विभिन्न बाज़ार जोखिम कारकों के लिए सीमा संरचना व उत्प्रेरक स्थापित करना है। एक्सपोज़र सीमा, जैसे ट्रेडिंग बुक पर हानि रोध सीमा, विभिन्न मुद्राओं की स्थिति के बारे में इंट्राडे व ओवरनाइट सीमा, डीलर–वार सीमा, सकल अंतर सीमा, मुद्रा बाज़ार परिचालन की सीमाएं, निवेश संविभाग के लिए संशोधित अवधि सीमा और जोखिम निवारक / उत्प्रेरक के लिए वीएआर सीमा निर्धारित किये गये हैं। जोखिम प्रबंधन विभाग के मिड ऑफिस अन्य ट्रिगर्स के साथ इन सीमाओं की दैनिक आधार पर निगरानी करता है। बाजार जोखिम सीमाओं और ट्रिगर्स की प्रभावी और समय पर निगरानी के लिए एक रिपोर्टिंग ढांचा तैयार किया गया है।

परिचालन जोखिम प्रबंधन

बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन ढांचा नैतिकता, संगठन संस्कृति और सुदृढ़ परिचालन प्रक्रियाओं पर आधारित है, जिसमें कॉर्पोरेट मूल्य, आंतरिक नियंत्रण संस्कृति, प्रभावी आंतरिक रिपोर्टिंग और आकस्मिक योजना शामिल हैं। बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति को अपनाया है जिसमें परिचालन जोखिम प्रबंधन ढाँचा, बाह्यस्रोतीय गतिविधियाँ तथा कारोबार निरंतरता योजना जैसे विभिन्न पहलू शामिल हैं। वर्तमान में, बैंक मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) से बेसल III ढांचे के उन्नत दृष्टिकोण में परिवर्तित होने की प्रक्रिया में है। बैंक ने

sanctioning credit limits, well defined credit approval process and authorization matrix, standards for collateral management, credit monitoring, restructuring of advances, MSME and Off Balance Sheet Exposures, is followed. Risk Acceptance, Risk Measurement, Prudential Exposure Norms, Organizational Structure, Strategies and Operational Process are in place. In order to address the credit risk at portfolio level and the issue of concentration risk, the Policy prescribes fixation of various exposure ceilings. Risk Based Pricing is in tune with the Risk profile of the borrower to generate returns to achieve targeted RoA and NIM.

The Bank has a Loan Review Mechanism for constantly evaluating the overall performance of the borrowal accounts and for bringing about qualitative improvements in credit administration, monitoring and credit audit. The entire process of the Loan review and monitoring is duly administered by the Credit Administration & Monitoring Wing.

Market Risk Management

The Market Risk framework of the Bank aims at restricting loss from all types of market risk loss events and also to establish limit structure and triggers for various market risk factors. Exposure limits, such as, Stop Loss Limits on Trading Book, Intraday and Overnight Limit for various Currency Positions, Dealer-wise Limits, Aggregate Gap Limit, Limits on Money Market Operations, Modified Duration Limits for investment portfolio and VaR Limits are fixed to act as risk mitigants / triggers. Mid Office of Risk Management Wing monitors these limits, along with other triggers, on a daily basis. A reporting framework has been put in place for effective and timely monitoring of market risk limits and triggers.

Operational Risk Management

Operational Risk Management framework in the Bank is based on ethics, organization culture and strong operating procedures, involving corporate values, internal control culture, effective internal reporting and contingency planning. The Bank has adopted polices for management of Operational Risk, which covers various aspects, such as, Operational Risk Management Structure, Outsourcing Activities and Business Continuity Plan. At present, the Bank is in the process of migration to Advanced Approach of Basel III framework from the

पहले से ही घटनाओं के ससमय रिपोर्टिंग के लिए घटना प्रबंधन मॉड्यूल, प्रमुख जोखिम संकेतक की समीक्षा (केआरआई), परिचालन जोखिम के पूंजी प्रभार की गणना के लिए जोखिम नियंत्रण और आत्म मूल्यांकन (आरसीएसए) कार्यशालाओं और परिदृश्य विश्लेषण कार्यशालाओं का आयोजन किया है।

आस्ति देयता प्रबंधन

नीति ढांचे के भीतर, बैंक के बोर्ड ने आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) की स्थापना की है, जिसे निधीयन रणनीतियों और इसकी संरचना, उत्पाद मूल्य–निर्धारण, तनाव परीक्षण और आकस्मिक कार्य योजना सहित परिसंपत्तियों और देनदारियों के प्रबंधन की भूमिका के साथ सौंपा गया है।

बैंक ने 01.01.2015 से चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों को लागू किया है। बैंक के एलसीआर को निरंतर आधार पर निर्धारित नियामक अपेक्षा के अनुरूप बनाए रखा जा रहा है।

समूह जोखिम

बैंक में विभिन्न सहायक, संयुक्त उद्यम और प्रायोजित संस्थाएं हैं, जो विविध गतिविधियाँ कर रही हैं। जैसा कि इन समूह संस्थाओं में बैंक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है, बैंक ने अंतर समूह लेनदेन में जोखिम की पहचान करने और प्रबंधन करने के लिए एक समूह जोखिम प्रबंधन नीति और समूह संस्थाओं के बीच हितों के संघर्ष को कम करके नैगम अभिशासन के मानक को बढ़ाने के लिए एक्सपोजर हेतु नीति अपनाई है और यह भी सुनिश्चित करने के लिए कि व्यापार मापदंडों के संबंध में संस्थाओं के बीच 'स्वतंत्र संव्यवहार का सिद्धांत' है। बैंक के समूह मुख्य जोखिम अधिकारी (जीसीआरओ) समूह संस्थाओं की जोखिम प्रबंधन गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन

डेटा सेंटर, आपदा वसूली केंद्र और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के लिए बैंक को आईएसओ: 27001:2013 से प्रमाणित किया गया है और प्रमाणीकरण 11/04/2020 से 3 साल की अवधि के लिए वैध है। यह प्रमाणित किया जाता है कि संगठन की सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन किया गया है और आईएसओ 27001:2013 मानक की आवश्यकताओं के अनुसार पाया गया है।

Basic Indicator Approach (BIA). The Bank has already put in place Incident Management module for timely reporting of incidents, Review of Key Risk Indicators (KRI), Conducting of Risk Control & Self Assessment (RCSA) workshops and Scenario Analysis workshops to compute capital charge for Operational Risk.

Asset Liability Management

Within the policy framework, the Board of the Bank has set up Asset Liability Management Committee (ALCO), which is entrusted, inter alia, with the role of management of assets and liabilities including the funding strategies and its composition, product pricing, stress test and contingency action plan among others.

The Bank has implemented the RBI guidelines with respect to Liquidity Coverage Ratio (LCR) with effect from 01.01.2015. LCR of the Bank is being maintained above the stipulated regulatory requirement on an ongoing basis.

Group Risk

The Bank has various Subsidiaries, Joint Ventures and Sponsored Entities, which are engaged in diversified activities. As the Bank has considerable stake in these Group Entities, Bank has put in place a Group Risk Management Policy to identify and manage risk in intra Group transactions and exposures to raise the standard of Corporate Governance by reducing and avoiding conflicts of interest between the Group Entities and also to ensure 'Arms Length Principle' among Entities, with regard to business parameters. The Group Chief Risk Officer (GCRO) of the Bank is supervising the risk management activities of the Group Entities.

COMPLIANCE TO INTERNATIONAL STANDARDS

Bank has been certified with ISO: 27001:2013 for Data Centre, Disaster Recovery centre and Department of Information Technology Wing and the certification is valid from 11/04/2020 for a period of 3 years. It is certified that the Information Security management system of the organization has been assessed and found to be in accordance with the requirements of the ISO 27001:2013 standard.

एकीकृत कोष

मार्च 2021 तक बैंक का कुल निवेश (निवल) ₹258698 करोड़ था। मार्च 2021 तक निवेश पोर्टफोलियो की संशोधित अवधि 4.89 थी, मार्च 2021 तक बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस) पोर्टफोलियो की संशोधित अवधि 1.30 पर है। निवेश पर प्रतिफल यथा 31 मार्च 2021 को 6.74% हो गया। ओएमओ में सक्रिय भागीदारी के साथ–साथ निवेश पोर्टफोलियो के सक्रिय मंथन के कारण वर्ष के दौरान घरेलू कोष संचालन के तहत व्यापारिक लाभ बढ़कर ₹3316 करोड़ हो गया। प्राथमिक डीलर (पीडी) के रूप में बैंक सरकारी प्रतिभूति बाजार में एक सक्रिय खिलाड़ी बना हुआ है।

हामीदारी के लिए जमा की गई बोलियों की कुल राशि ₹209767 करोड़ थी, जिसमें से, आरबीआई द्वारा स्वीकार की गई हामीदारी प्रतिबद्धता ₹108166 करोड़ थी। पीडी व्यवसाय के तहत ट्रेजरी बिलों के संबंध में, प्रत्येक छमाही में प्राप्त किए जाने वाले 40% के न्यूनतम सफलता अनुपात के मुकाबले, सितंबर 2020 को समाप्त पहली छमाही के लिए बैंक का सफलता अनुपात 83.10% और मार्च 2021 को समाप्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए 86.45% है।

मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक का विदेशी कारोबार पण्यावर्त, कुल ₹164437 करोड़ रहा, जिसमें निर्यात के तहत ₹72601 करोड़, आयात के तहत ₹34089 करोड़ और प्रेषण के तहत ₹57747 करोड़ शामिल हैं।

अन्य सेवाएं

व्यापार बैंकिंग

वर्ष के दौरान बैंक के मर्चेंट बैंकिंग प्रभाग ने 1128 निर्गम (सार्वजनिक/ अधिकार / ऋण) को बैंकर्स टू ए इश्यू के तहत संचयी के रूप में संभाला। 88 इक्विटी निर्गम और 18 ऋण निर्गम और बैंक को एएसबीए के माध्यम से 507330 आवेदनों की संख्या के साथ 4-7 दिनों के लिए ₹3702.34 करोड़ का अस्थायी फंड लाभ मिला। वर्ष 2020-21 के दौरान कमीशन के रूप में जमा की गई राशि (₹10/– प्रति आवेदन और आबंटित राशि पर 0.35%) ₹37.84 लाख है।

- कैपिटल गेन बॉन्ड के तहत, बैंक को एक दिन के लिए जुटाई गई और अस्थायी फंड की राशि पर 0.12% कमीशन + लागू जीएसटी मिल रहा है।

  ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड (आरईसी), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), भारतीय रेलवे वित्त निगम

INTEGRATED TREASURY

Aggregate investments (net) of the Bank stood at ₹258698 crore as at March 2021. While modified duration of the investments portfolio stood at 4.89 as at March 2021, the modified duration of the Available for Sale (AFS) portfolio is at 1.30 as at March 2021. The yield on investments stood at 6.74% as at 31st March 2021. The trading profit under domestic treasury operations during the year increased to ₹3316 crore on account of active churning of the investment portfolio along with active participation in OMOs. The Bank continues to be an active player in the Government Securities Market as a Primary Dealer (PD).

The total amount of bids submitted for underwriting was ₹209767 crore, of which, the underwriting commitment accepted by the RBI was ₹108166 crore. With regard to Treasury Bills under PD business, as against the minimum success ratio of 40% to be achieved in each half year, the Bank has a success ratio of 83.10% for the first half year ended September 2020 and 86.45% for the second half year ended March 2021.

Foreign Business Turnover of the Bank aggregated to ₹164437 crore, comprising of ₹72601 crore under exports, ₹34089 crore under imports and ₹57747 crore under remittances during the year ended March 2021.

OTHER SERVICES

Merchant Banking

During the year the Bank's Merchant Banking Division handled 1128 issues (public / rights / debt) as cumulative under Bankers to an Issue. During the year FY 2020-21, Section has handled 88 Equity Issues and 18 Debt Issues and Bank got float fund benefit of ₹3702.34 crore for 4-7 days through ASBA with number of applications 507330. The amount collected as commission (₹10/- per application plus 0.35% on allotted amount) is ₹37.84 Lakhs during the year 2020-21.

- Under Capital Gain Bonds, Bank is getting 0.12% Commission + applicable GST on the amount so mobilized and floating fund for one day.

  Rural Electrification Corporation Ltd (REC), National Highways Authority of India (NHAI), Indian Railway

लिमिटेड (आईआरएफसी) और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने बैंक को प्राइवेट प्लेसमेंट कैपिटल गेन बॉन्ड इश्यू के लिए "अरेंजर्स एंड कलेक्टिंग बैंकर्स" के रूप में कार्य करना जारी रखने का कार्य सौंपा है।

2020-21 के दौरान, हमारे बैंक द्वारा जुटाई गई / एकत्रित की गई धनराशि ₹559.59 करोड़ एकत्रित करने वाले बैंकर के रूप में और ₹50.00 करोड़ अरेंजर के रूप में है। हमें ₹11.40 लाख की अरेंजर फीस मिली है। अनुभाग कंपनियों के अनुरोध के अनुसार शेयर मूल्यांकन प्रदान कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, अनुभाग ने 2 मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की हैं और ₹5.00 लाख का कमीशन अर्जित किया है। हमने एटी1 बॉन्ड के लिए अरेंजर का काम भी शुरू किया है। इस प्रक्रिया में, हमारे बैंक ने बैंक ऑफ इंडिया के एटी1 बांडों में ₹250.00 करोड़ का निवेश किया है और हम अरेंजर शुल्क के रूप में ₹1.00 करोड़ प्राप्त करने के हकदार हैं।

बैंकएश्योरेंस और म्युचुअल फंड

बैंक ने अपनी 'बैंकएश्योरेंस' ईकाई के तहत जीवन और गैर-जीवन बीमा क्षेत्र में करार किया हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, बैंक ने अपने संयुक्त उद्यम, मेसर्स केनरा एचएसबीसी ओबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से ₹187.91 करोड़ की कमीशन आय अर्जित की। म्यूचुअल फंड व्यवसाय के तहत, बैंक ने अपने संयुक्त उद्यम, मेसर्स केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड से ₹30.43 करोड़ का कमीशन अर्जित किया। सभी तीन सामान्य बीमा प्रतिभागी मैसर्स बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मेसर्स टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और अपने स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के विपणन के लिए मेसर्स द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और एकल स्वास्थ्य बीमा भागीदार मेसर्स एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्ववर्ती एएमएचआई) के साथ गठजोड़ व्यवस्था से गैर–जीवन (सामान्य बीमा और स्वास्थ्य बीमा) व्यवसाय के तहत ₹63.82 करोड़ की कमीशन आय अर्जित की गई थी। सामाजिक सुरक्षा योजना (एसएसएस) में, बैंक ने पीएमजेजेबीवाई के तहत ₹18.20 करोड़ और पीएमएसबीवाई के तहत ₹3.06 करोड़ का कमीशन अर्जित किया है। बैंक ने ई–सिंडिकेट इंश्योरेंस और म्यूचुअल फंड पार्टनर से ₹0.98 करोड़ का नवीनीकरण / ट्रेल कमीशन भी अर्जित किया है।

सरकारी कारोबार

बैंक सरकारी कारोबार करता है, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के पेंशन का भुगतान, डाक लेनदेन और राज्य सरकार के ट्रेजरी लेनदेन का संचालन, सार्वजनिक भविष्य निधि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सॉवरेन गोल्ड बांड जारी करना और सुकन्या समृद्धि योजना शामिल हैं। इन उत्पादों

Finance Corporation Ltd (IRFC) and Power Finance Corporation (PFC) have entrusted the Bank to continue to act as " Arrangers and Collecting Bankers" for the Private Placement Capital Gain Bond Issues

During 2020-21, funds mobilized / Collected by our Bank are ₹559.59 crore as collecting banker and ₹50.00 crore as arranger. We have received an Arranger fee of ₹11.40 Lakhs. Section is providing share valuations as per request of the companies. During the year FY 2020-21, Section has prepared 2 valuation reports and earned commission ₹5.00 Lakhs. We also initiated the work of arranger for AT1 Bonds. In this process, our Bank has invested ₹250.00 crore in Bank of India AT1 Bonds and we are entitled to get ₹1.00 crore on account of Arranger fee.

Bancassurance and Mutual Funds

The Bank has tied-up arrangements with life and non-life insurance segments under its 'Bancassurance' arm. During the year FY 2020-21, Bank earned a commission income of ₹187.91 crore from its joint venture, M/s Canara HSBC OBC Life Insurance Company Ltd. Under the Mutual Fund business, the Bank earned a commission of ₹30.43 crore from its joint venture, M/s Canara Robeco Asset Management Company Ltd. A commission income of ₹63.82 crore was earned under Non-Life (General Insurance & Health Insurance) business from its tie-up arrangements with all the three GI Partners M/s Bajaj Allianz General Insurance Co Ltd, M/s TATA AIG General Insurance Co. Ltd and M/s The New India Assurance Co. Ltd & Standalone Health insurance partner M/s HDFC Ergo General Insurance Co. Ltd (Erstwhile AMHI) for marketing their Health insurance products. In Social Security Schemes (SSS), Bank has earned commission of ₹18.20 crore under PMJJBY & ₹3.06 crore under PMSBY. Bank has also earned renewal / trail commission from E-Syndicate Insurance and Mutual Fund partner of ₹0.98 crore.

Government Business

The Bank undertakes Government Business, comprising Direct and Indirect Tax collections, payment of Central Government and State Government Pensions, Handling of Postal Transactions and State Government Treasury Transactions, Public Provident Fund Scheme and Senior Citizens' Saving Scheme, issuing Sovereign Gold Bonds and Sukanya Samridhi Scheme. These products

ने कासा सुधार में योगदान दिया और वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान ₹167.20 करोड़ की शुल्क आय अर्जित की।

बैंक को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी), संस्कृति मंत्रालय, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जहाजरानी मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, लक्षद्वीप प्रशासन भारतीय पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), नई दिल्ली के लिए मान्यता प्राप्त बैंकर के रूप में अधिकृत किया गया है। बैंक वित्तीय वर्ष 2012–13 से स्वावलंबन योजना के तहत असंगठित क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली लागू कर रहा है। भारत सरकार ने असंगठित क्षेत्र को परिभाषित पेंशन प्रदान करने की दृष्टि से स्वावलंबन के स्थान पर अटल पेंशन योजना (एपीवाई) शुरू की है। वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान बैंक अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत 590992 खाते जुटा सका।

संगठन और सहायक सेवाएं

शाखा नेटवर्क–विस्तार अखिल भारतीय उपस्थिति

सुगमता बढ़ाने के प्रयास में, बैंक ने वर्ष के दौरान 130 घरेलू शाखाएं जोड़ीं। मार्च 2021 तक, विशिष्ट शाखाओं सहित बैंक की 10416 घरेलू शाखाएं थी।

शाखा नेटवर्क संरचना

वर्ग	शाखाओं की संख्या		वर्ष के दौरान खोला गया
	31.03.2020	31.03.2021	
महानगर	1273	2113	52
शहरी	1226	2094	60
अर्ध शहरी	2004	3140	18
ग्रामीण	1826	3069	0
विदेशी	5	4	0
कुल घरेलू शाखाएं	**6329**	**10416**	**130**

नोट: वर्ष के दौरान 105 घरेलू शाखाओं का विलय / बंद किया गया।

वर्ष के दौरान 1 विदेशी शाखा का विलय / बंद कर दिया गया।

मार्च 2021 तक बैंक की कुल विशिष्ट शाखाएँ 414 थीं।

contributed to improvement of CASA and earned a fee income of ₹167.20 crore during FY 2020-21.

The Bank has been authorized as the accredited banker for Ministry of Human Resources Development (MHRD), Ministry of Culture, Ministry of Youth Affairs & Sports, Archaeological Survey of India, Ministry of Shipping, Ministry of Road Transport and Highways, Lakshadweep Administration and Unique Identification Authority of India (UIDAI), New Delhi. The Bank was implementing the National Pension System for Unorganised Sectors under Swavalamban Scheme since FY 2012-13. The Government of India has launched Atal Pension Yojana (APY) in place of Swavalamban with a view to providing defined pension to unorganised sector. The Bank could mobilise 590992 accounts under APY during the FY 2020-21.

ORGANISATION AND SUPPORT SERVICES

Branch Network-Expanding Pan India Presence

In a bid to expand the reach, the Bank added 130 domestic branches during the year. As at March 2021, the Bank had 10416 domestic branches, including Specialized Branches.

Composition of Branch Network

Category	No. of Branches		Opened during the year
	31.03.2020	31.03.2021	
Metropolitan	1273	2113	52
Urban	1226	2094	60
Semi-urban	2004	3140	18
Rural	1826	3069	0
Overseas	5	4	0
Total domestic Branches	**6329**	**10416**	**130**

Note: 105 domestic branches were merged / closed during the year.

1 Overseas branch was merged / closed during the year.

The total Specialized Branches of the Bank stood at 414 as at March 2021.

जनशक्ति प्रोफ़ाइल

मार्च 2021 तक, बैंक में 88213 कर्मचारी थे। जनशक्ति का संवर्ग-वार विवरण इस प्रकार है:

संवर्ग	मार्च 2020*	मार्च 2021
अधिकारी	32596	48912
लिपिक	18353	26427
अधीनस्थ**	7683	12874
कुल	**58632**	**88213**

*समामेलन पूर्व अवधि के लिए एकल / समेकित केनरा बैंक से संबंधित आंकड़े;

**अंशकालिक कर्मचारी (पीटीई) शामिल हैं

बैंक के कर्मचारियों की कुल संख्या में 55.44% अधिकारी, 29.96% लिपिक और 14.6% अधीनस्थ कर्मचारी शामिल थे। बैंक की महिला कर्मचारियों की संख्या 27,401 थी, जो कर्मचारियों का 31.06% थी। मार्च 2021 तक भूतपूर्व सैनिकों की कुल संख्या 5,372 थी।

बैंक में 2,412 शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारी थे।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस और विकलांग व्यक्तियों के संबंध में आरक्षण नीति

बैंक भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग व्यक्तियों, ईडब्ल्यूएस के संबंध में आरक्षण नीति का सख्ती से पालन कर रहा है।

मार्च 2021 तक अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / ईडब्ल्यूएस / विकलांग व्यक्तियों कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार था:

श्रेणी	अ.जा	अ.प.जा	ओबीसी	आ.पि.व	दिव्यांग
अधिकारी	8663	3923	14229	63	1228
लिपिक	4987	1681	7848	35	837
अधीनस्थ*	4780	895	3597	-	347
कुल	**18430**	**6499**	**25674**	**98**	**2412**

*अंशकालिक कर्मचारी (पीटीई) शामिल हैं

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांग / भूतपूर्व सैनिकों और ईडब्ल्यूएस कर्मचारियों से संबंधित आरक्षण और अन्य प्रावधानों को लागू और निगरानी करने के लिए बैंक में आरक्षण प्रकोष्ठ कार्य कर रहा है। इसके अलावा बैंक ने अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /भूतपूर्व सैनिक / पीडब्ल्यूडी और ईडब्ल्यूएस,

MANPOWER PROFILE

As at March 2021, the Bank had 88213 employees on its roll. The cadre-wise break-up of manpower is as follows:

Cadre	March 2020*	March 2021
Officer	32596	48912
Clerk	18353	26427
Sub Staff**	7683	12874
Total	**58632**	**88213**

*Figures relating to standalone / consolidated Canara Bank for pre-amalgamation period;

**includes Part Time Employees (PTEs)

Total staff strength of the Bank comprised of 55.44% Officers, 29.96% Clerks and 14.6% Sub Staff. The Women staff strength of the Bank was 27,401, constituting 31.06% of the employees. The total number of ex-servicemen staff as at March 2021 stood at 5,372.

There were 2,412 Physically Challenged Employees on the rolls of the Bank.

Reservation Policy in respect of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, Other Backward Classes, EWS & Persons with Disabilities

The Bank has been strictly adhering to the Reservation Policy in respect of Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and Persons with Disabilities, EWS as per the Government of India guidelines.

The representation of SCs / STs / OBCs / EWS / DAPs employees as at March 2021 was as under:

Grade	SCs	STs	OBCs	EWS	PWDs
Officer	8663	3923	14229	63	1228
Clerk	4987	1681	7848	35	837
Sub Staff*	4780	895	3597	-	347
Total	**18430**	**6499**	**25674**	**98**	**2412**

*includes Part Time Employees (PTEs)

Reservation Cell is functioning in the Bank to Implement and monitor the Reservations and other provisions related to SC / ST / OBC / PWD / Ex-Servicemen & EWS employees. Further Bank has nominated Executives in the rank of GMs as Chief Liaison Officer

